


RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | शुक्रवार, 21 जून 2024 | वर्ष: 01, अंक: 96, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# सुप्रीम कोर्ट ने दोहराई काउंसलिंग पर रोक नहीं लगाने की बात

## केंद्र-एनटीए को नोटिस, अब 8 जुलाई को सुनवाई

**एजेंसी**

**नालंदा।** सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और अन्य की ओर से दायर याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका में । राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातक)-2024 से संबंधित याचिकाओं को हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों में उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने फिर दोहराया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया को नहीं रोकेगा।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नोटिस जारी कर केंद्र, एनटीए और अन्य से भी जवाब मांगा है। नोटिस नीट-यूजी 2024 को रद्द करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर जारी किया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने इन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तारीख तय की।



**नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी मांग**

मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 20 छात्रों की ओर से दायर याचिकाओं में से एक में एनटीए और अन्य को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। परीक्षा से संबंधित अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने 18 जून को कहा था कि परीक्षा कराने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। भले ही किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत की लापरवाही हुई हो, इससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए।

### सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर भी मांगा था जवाब

नीट-यूजी 2024 को लेकर अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने पिछले सप्ताह परीक्षा में प्रश्न-पत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग वाली याचिका पर केंद्र और एनटीए से जवाब मांगा था। परीक्षा 5 मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इसमें करीब 24 लाख उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था।

# पटना हाईकोर्ट ने बिहार में 65फीसदी आरक्षण को बताया असंवैधानिक

**एजेंसी**

**पटना।** राज्य की राष्ट्रीय जनतातांत्रिक गठबंधन सरकार ने बिहार में जाति आधारित जनगणना का फैसला किया था। जनगणना का काम बीच में बनी महागठबंधन सरकार के दौरान पूरा हुआ। महागठबंधन सरकार के भी मुखिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे। महागठबंधन सरकार ने जातीय जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 65 तक पहुंचा दिया था। लोकसभा चुनाव 2024 में महगठबंधन के मुख्य दल राष्ट्रीय जनता दल ने इस आरक्षण का क्रेडिट भी लिया। किसी भी दल ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने को गलत नहीं बताया था। लेकिन अब, पटना हाई कोर्ट ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले को असंवैधानिक करार दिया है।

**नीतीश सरकार को लगा बड़ा झटका**

कोर्ट का यह फैसला नीतीश सरकार को बड़ा झटका माना जा रहा है। गुरुवार को सुनवाई की दौरान




पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण देने वाले कानून को रद्द कर दिया है। पटना हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। यानी अब शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण नहीं मिलेगा। 50 प्रतिशत आरक्षण वाली पुरानी व्यवस्था ही लागू हो जाएगी।

## सुखबीर सिंह बादल के बिना अकाली दल नहीं चल सकता : सुखजिंदर सिंह रंधावा

**बटाला।** लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सुखजिंदर सिंह रंधावा पहली बार फतेहगढ़ चूड़ियों के वकील नवतेज सिंह रंधावा और आरती भूपिंदर सिंह बिट्टू खैहिरा के आवास पर पहुंचे। जहां उनका कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया।

इस मौके पर सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि पंजाब पुलिस में बड़े पैमाने पर बदलाव हुए हैं। उन बदलावों में से एक है जो पंजाब पुलिस को दंडित कर रहे हैं। सुखजिंदर सिंह रंधावा ने एक बार फिर अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के पक्ष में बोलते हुए कहा कि सुखबीर सिंह बादल के बिना अकाली दल नहीं चल सकता।

उन्होंने कहा कि जब तक सुखबीर सिंह बादल के आसपास का घेरा नहीं टूटेगा तब तक सुखबीर सिंह बादल सफल नहीं हो सकते। डेरा बाबा नानक जिमी चुनाव के बारे में बात करते हुए रंधावा ने कहा कि पार्टी को डेरा बाबा नानक से कांग्रेस उम्मीदवार तय करना है और जो भी आएगा वह कांग्रेस को जिताएगा।

# दिल्ली में प्रचंड गर्मी और मौतें

## एक ही दिन में 142 शवों का दाह संस्कार, कोरोना के बाद सबसे ज्यादा आंकड़ा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** इन दिनों राजधानी दिल्ली भयानक गर्मी से भभक रही है। लू के गर्म थपेड़ों की मार झेल रही दिल्ली में लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। इस बीच लोगों के मरने वालों मौतों का आंकड़ा डराने वाला है।

दिल्ली निगमबोध घाट पर शवों की कतारें लगी हुई हैं। कोरोना महामारी के दौर के बाद इन दिनों दिल्ली में बुरा हाल है। निगम बोध घाट में कोरोना के बाद सबसे ज्यादा दाह संस्कार हुए। कल रात 12 बजे तक 142 शवों का दाह संस्कार किया गया।

### निगम बोध घाट पर हुए दाह संस्कार का पिछले एक हफ्ते का डाटा

14 जून - 43
15 जून- 53
16 जून -70
17 जून- 54
18 जून- 97
19 जून- 142 (रात 12 बजे तक)ज्यादा आंकड़ा



दिल्ली के निगम बोध घाट पर इस साल जून महीने में अभी तक 1101 शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। 2022 जून में हुए 1570 शवों के दाह संस्कार हुए थे, इस बार आंकड़ा इससे पार जाने की आशंका जताई जा रही है। जून 2021 में 1210, जून 2022 में 1570 और जून 2023 में 1319 शवों का अंतिम संस्कार किया गया था।

**दिल्ली में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा**

दिल्ली में न्यूनतम तापमान ने 55 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मौसम विभाग के सफदरजंग केंद्र के अनुसार 18 जून की रात न्यूनतम पारा सामान्य से 8 डिग्री अधिक 35.2 डिग्री दर्ज किया गया जो 1969 के बाद सर्वाधिक है। 23 मई, 1972 को न्यूनतम पारा 34.9 डिग्री रहा था।

# उपमुख्यमंत्री ने तेजस्वी को घेरा, पूछा- यादवेंदु से क्या संबंध है, स्पष्ट करें नेता प्रतिपक्ष

**एजेंसी**

**पटना।** नीट यूजी पेपरलीक केस में सियासत गरमाने लगी है। फिर से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव और राष्ट्रीय जनता दल पर हमला बोला है। गुरुवार दोपहर पत्रकारों के सामने उन्होंने कुछ कॉल डिटेल्स दिखाए और तेजस्वी यादव को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि पेपरलीक केस में गिरफ्तार हुए सिकंदर प्रसाद यादवेंदु का तेजस्वी और लालू यादव से क्या संबंध है? यह उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। विजय सिन्हा ने कहा कि एक मई को तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम कुमार के मोबाइल से रात्रि नौ बजकर सात मिनट में पथ निर्माण विभाग में कार्यरत प्रदीप कुमार के मोबाइल पर



एनएचएआई के गेस्ट हाउस में सिकंदर प्रसाद याजवेंदु के कमरे की बुकिंग के लिए फोन आया था। उस दिन प्रदीप ने संज्ञान नहीं लिया। चार मई की सुबह प्रीतम कुमार के मोबाइल पर फिर प्रदीप कुमार को कॉल किया गया। फिर से सिकंदर के नाम से कमरे की बुकिंग की बात की गई। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा का कहना है कि तेजस्वी यादव को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या प्रीतम कुमार अभी भी उनके पीएस हैं और उन्हें यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि सिकंदर प्रसाद यादवेंदु कौन हैं? जब लालू प्रसाद यादव रांची में जेल गए थे, तब सिकंदर प्रसाद यादवेंदु हुआ करते थे। लालू की सेवा में वह रहते थे। सिकंदर सिंचाई विभाग में जेई थे। विजय सिन्हा ने आरोप लगाया कि वह लोगों के भविष्य के साथ खेलते हैं जब वे सत्ता में होते हैं तो घोटाले करते हैं और नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।


सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

College Code : 01083

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्रा0 इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र राजनीति विज्ञान, उर्दू, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र




M.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्रा0 इतिहास

B.Sc. Agriculture B.Com/M.Com

B.Sc./M.Sc./D.El.Ed. (BTC) B.Pharma/D.Pharma

LL.B. B.A. L.L.B (प्रस्तावित) I.T.I. (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा)



संजय शुक्ल
प्रबंधक

छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध

Mob. 9451181332, 9956930129

## 28 राशि गोवंश के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान क्रम में गुरुवार को थाना सैनी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गौवंश से भरा हुआ कन्टेनर बिहार के लिए जा रहा है । सूचना पर थाना सैनी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान कमासिन ब्रिज जीटी रोड के पास से 01 अदद कन्टेनर वाहन नं0 यूपी 21 सीएन 5247 से 28 राशि गोवंश (बैल) जिंदा बरामद होने पर अभियुक्त नुसरत पुत्र सराफी नि0 रावतपुर थाना काठ जनपद शाहजहाँपुर को मौके से गिरफ्तार किया गया । बरामदशुदा गोवंश को सकुशल उचरांवा गौशाला में दाखिल कराया गया ।
प्रभारी निरीक्षक सैनी जयचंद शर्मा ने बताया कि एक कन्टेनर 28 गौवंश बरामद करते हुए एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।

## अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पश्चिम शरीरा पुलिस अवैध शराब बनाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर शराब बरामद किया हुए लिखा पढ़ी किया।
थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उ0नि0 जनार्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त महेश पुत्र छेदी नि0 कोरीपुर थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को 25 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया । यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 91 वाहनों का ई-चालान किया गया

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 9 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 02, थाना करारी से 02, थाना कौशाम्बी से 01, थाना कड़ाधाम से 04 ) कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

## औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा 2 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।**थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय एसीजेएम 5 इलाहाबाद द्वारा निर्गत वारण्ट के 2 वारण्टी अभियुक्त राजा सिंह पुत्र स्व0 शेर बहादुर सिंह निवासी पतेवरा थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज.दिलीप भारतीया पुत्र प्रेमचन्द्र भारतीया निवासी पतेवरा थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज को गुरुवार को ग्राम पतेवरा थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।
पुलिस टीम का विवरण
उ0नि0 सुरेन्द्र प्रताप चौकी प्रभारी रामपुर .उ0नि0 रजनेश कुमार शर्मा थाना औद्योगिक क्षेत्र कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## नैनी पुलिस द्वारा 2 अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से 2 किलो गांजा बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** थाना नैनी पुलिस द्वारा 2 अभियुक्ता संजना राम पुत्री राजेश राम निवासी बेलकुंडा थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ .संध्या राम पत्नी राज राम निवासी बेलकुंडा थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ को गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर नए यमुना पुल के नीचे फूलमंडी के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्ता संजना राम उपरोक्त के कब्जे से 1 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा व अभियुक्ता संध्या राम उपरोक्त के कब्जे से 1 किलो 10 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया ।
**पुलिस टीम का विवरण**
उ0नि0 विकाश आनन्द वर्मा चौकी प्रभारी जेल रोड .म0उ0नि0 ज्योति सचान थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## खेतों में चरने को घुसी गाय की डंडा मारने से हुई मौत

**ईंटों (जालौन)। गोहन थाना** क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम रमानीपुर में खेतों में चरने के लिए घुसी गाय को डंडों से पीट-पीट कर गांव के ही ब्यक्ति ने मार डाला।जिससे गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गयी। उधर घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस और अधिकारी मौके पर पहुंच गये मिली जानकारी के अनुसार गोहन थाना क्षेत्र के अंर्तगत पड़ने वाले ग्राम रमानीपुर निवासी फारूख के खेतों में चरने के लिए गाय जैसे ही घुसी वैसे ही फारूख नाम के ब्यक्ति ने गाय को डंडों से पीटना शुरू कर दिया

# संदीपनघाट थाने का एएसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण





**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना संदीपनघाट का वार्षिक निरीक्षण किया गया। गार्द द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी अशोक कुमार वर्मा को सलामी दी गयी। थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, अपराध रजिस्टर, मालखाना, अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विवेचकों को लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा शस्त्रागार में शस्त्रों को भी चेक किया गया। थाना परिसर का निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा थाना संदीपनघाट के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को निर्धारित अवधि में मानक अनुरुप कार्य करने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया।

# दिनेश सिंह जनपद अध्यक्ष, योगेश शुक्ला दूसरी बार जनपद मंत्री बने

### *पीडब्लूड़ी सर्किल ऑफिसेज मिनिस्ट्रियल एसो. जनपद की नई कार्यकारी गठन होने पर कर्मचारियों में खुशी की लहर*



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** यूपी पीडब्ल्यूडी सर्कल ऑफिसेज मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता मे एकता सदन लखनऊ में आज हुई जिसमें लंबित पड़े प्रस्ताव को सदन में पारित कराया गया था,तत्पश्चात प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश तिवारी ने कुछ क्षेत्रीय /जनपद शाखों का भी मनोनयन करने का प्रस्ताव रखा, जिसमें जनपद प्रयागराज लोक निर्माण विभाग प्रयागराज जिला शाखा का सर्व संमति से सदन में मनोनयन का प्रस्ताव पारित हुआ। इस दौरान प्रयागराज जनपद अध्यक्ष दिनेश सिंह प्रशासनिक अधिकारी प्रयागराज वृत्त लोनिवि प्रयागराज एवं योगेश शुक्ला वरिष्ठ सहायक प्रयागराज वृत्त लोकनिर्माण विभाग प्रयागराज दूसरी बार जनपद मंत्री बनाए गए । सर्किल ऑफिस के कर्मचारियों सहित पिडब्लूड़ी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ प्रयागराज के क्षेत्रीय मंत्री और वरिष्ठ कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रेमचंद्र वर्मा, आशीष कुमार श्रीवास्तव, उधवश्याम केशरवानी, घनश्याम शुक्ला, वेदप्रकाश श्रीवास्तव, अफजाल हुसैन, प्रकाश कुशवाहा, सचिन मौर्या , नवीन कुमार यादव, विपिन यादव, नितिन पाण्डेय, दीपक लाल स्टोनो आदि लोगों ने बुके देकर बधाई एवं शुभकामनायें दिया।

# मंदिर के जमीन विवाद में दो गुटों के बीच कहासुनी मची अफरा-तफरी

### पुलिस व राजस्व टीम के समझाने पर शांत हुआ मामला

### *मामला दो समुदाय का होने की वजह से मौके पर पहुची भारी फोर्स*



**सबसे तेज प्रयागराज**
**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** स्थानीय कस्बे में दो गुटों के बीच उपजा जमीन का विवाद गुरुवार को सतह पर आ गया दनियालपुर के सेठिया मोहल्ला स्थित एक भूमि पर हो रहे मंदिर निर्माण को रोकने को लेकर विवाद बढ़ गया मंदिर निर्माण का कार्य रोकने के बाद पास पड़ोस के लोग आक्रोशित हो गए और वह काम नहीं बंद करने के जिद पर अड़ गए इससे कस्बे मे अफरा तफरी मच गई हल्का लेखपाल से विवाद के बाद मामला बढ़ा तो कई थानों की पुलिस फोर्स और राजस्व विभाग के कर्मचारी पहुंच गये। चौकी प्रभारी और राजस्व निरीक्षक ने शुक्रवार को विवादित भूमि पैमाईश कराने व समस्या का निस्तारण कराने का भरोसा दिलाकर समझा बुझाकर निर्माण कार्य बंद कराया । दानियालपुर ग्रामसभा अंतर्गत सेठिया मोहल्ला स्थित गाटा संख्या-94 व 96 को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। एक पक्ष मनकामेश्वर मंदिर धाम का निर्माण शुरू किया तो दूसरा पक्ष लेखपाल को लेकर निर्माण कार्य रूकवाने पहुंच गया। कार्य रूकवाने पहुंचे लेखपाल से तू-तू, मै-मै होने लगी। मौके की नजाकत को देख, लेखपाल बाबूल बैरंग लौट गये । दानियालपुर मोहल्ले के सेठिया मोहल्ला मे काफी दिन से एक मंदिर की भूमि को लेकर विवाद चल रहा है पहले भी मंदिर निर्माण को लेकर दो पक्षो मे कहासुनी के बाद पुलिस ने कुछ दिन का समय लेकर निर्माण कार्य को बंद करा दिया था कार्य फिर से सुरू हुआ तो दूसरे पक्ष ने जमीन पर अपना हक जताते हुये स्थानीय पुलिस और हल्का लेखपाल को लेकर पहुच गए और निर्माण को रोकने को कहने लगे लेकिन लोगो ने निर्माण नहीं रोका मामला दो सामुदाय का होने की वजह से चौकी प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुये नवाबगंज और होलागढ़ थाना से फोर्स बुला लिया पर लोग काम नहीं रोकने की जिद पर अड़े रहे उनका आरोप था की कई बार काम रोका गया लेकिन आज तक जमीन की पैमाइश नहीं कराया गया पूर्व मे भी पुलिस के कहने पर कई बार काम रोका गया लेकिन आज तक मामले का निस्तारण नहीं किया गया । बाद मे अधिकारियों ने एक दिन के अंदर निस्तारण का भरोसा दिलाया तो निर्माण रोक दिया गया । विवाद दो संप्रदाय सो जुड़ा होने की वजह से पुलिस भी अलर्ट रही । एसीपी, सोरांव जंग बहादुर यादव ने बताया की जानकारी होने पर राजस्व विभाग और नवाबगंज व होलागढ़ थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। इंस्पेक्टर नवाबगंज विभागीय कार्य से बाहर गये हैं, कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये होलागढ़ इंस्पेक्टर को मौके पर भेजा गया है, सीओ सोरांव से विवादित भूमि की पैमाइश और सीमांकन कराने की बात हुई है, शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में राजस्व टीम पैमाइश करेगी।

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया




**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** गुरुवार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो मे पीड़ित प्रेम नारायण रैदास पुत्र स्व0 राम स्वरूप निवासी बिरनेर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी 62 वर्षीय व्यक्ति को अपमानजनक तरीके से घुमाया जा रहा था, जिसके सम्बन्ध मे वादी/पीड़ित की तहरीर पर थाना सराय अकिल में एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया ।
इसी क्रम थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 5 अभियुक्तों भीमसेन पुत्र सन्तोष पासी .रामचन्द्र पुत्र गीली रैदास . बसन्त पुत्र शकर लाल सरोज . सुन्दर लाल पुत्र असऊ . अजय कुमार गुप्ता पुत्र गुलाबचन्द्र गुप्ता निवासीगण बिरनेर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## शाहगंज पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** थाना शाहगंज पुलिस द्वारा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त शरद कुमार उर्फ पिन्कू पुत्र यमुना सागर शुक्ला निवासी ग्राम महमूदपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर को गुरुवार को लूकरगंज चौकी के समीप रोड के किनारे थाना क्षेत्र खुल्दाबाद से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।
गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम
प्रशिक्षु उ0नि0 कृष्ण चन्द्र तिवारी. प्रशिक्षु उ0नि0 अजब सिंह थाना शाहगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## नीली बत्ती और काली फिल्म लगाने वाले वाहनों चालाकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर ।** दिनांक 11.06.2024 से 25.06.2024 तक लाल बत्ती, नीली बत्ती/हूटर/सायरन, वाहनों पर पुलिस सिम्बल लगवाने व वाहनों पर उ0प्र0 शासन एवं भारत सरकार (अनुबंधित वाहनों को छोड़कर) लिखे जाने के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में रविन्द्रनगर चौराहे पर निरीक्षक यातायात मय यातायात टीम द्वारा वाहन चेकिंग किया गया। इस दौरान वाहनों पर हूटर लगाने वालों के विरूद्ध कुल 09 वाहनों का चालान व वाहनों पर पुलिस सिम्बल लगवाने वालों के विरूद्ध कुल 05 वाहनों का चालान करते हुए कुल 28000/- रुपए शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।
उक्त अभियान के दौरान दिनांक 11.06.2024 से अब तक पुलिस सिम्बल पर कुल 20 चालान व वाहनों पर हूटर लगाने वालों के विरूद्ध कुल 09 चालान किया गया साथ ही वाहनों पर ब्लैक फिल्म उतरवाकर प्रवर्तन की कार्यवाही किया गया।

## अंतर्जनपदीय वाहन चोरी गिरोह का पदार्फाश, चोरी गये 5 मोटरसाईकिल के साथ 4 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को ग्राम बांकखास पुल के पास से थाना तरया सुजान पुलिस द्वारा 05 चोरी गये मोटर साइकिल की बरामदगी करते हुए 4 अभियुक्त नागेन्द्र सिंह पुत्र जमुना सिंह निवासी ग्राम बभनौली बाबू टोला थाना सेवरही जनपद कुशीनगर 2-रोहित चौहान उर्फ गोलू पुत्र सत्यानन्द चौहान निवासी दोमाठ थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर -भोला यादव पुत्र अमर यादव निवासी विरवट कोन्हवलिया थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर -साहब यादव पुत्र कवरू यादव निवासी भगवानपुर थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## डीएम एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र जमुरिया नाले का भौतिक निरीक्षण किया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।** जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र जमुरिया नाले का भौतिक निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रशासनिक/पुलिस अधिकारीगण भी मौजूद रहें।

# कुंभ मेला-2025 की तैयारियों की समीक्षा के लिए प्रयागराज मंडल की सिविल प्रशासन के साथ समन्वय बैठक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज ।** मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में प्रयागराज मंडल कार्यालय के "संकल्प" सभागार में कुंभ मेला-2025 की तैयारी के लिए प्रयागराज मंडल की सिविल प्रशासन के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गयी । इस अवसर पर कुम्भ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद; जिलाधिकारी, नवनीत सिंह चहल; कर्नल रवि कुमार सिंह, कर्नल क्यू; जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, प्रयागराज मंडल, लखनऊ मण्डल एवं वाराणसी मण्डल के रेल अधिकारी उपस्थित रहे। आज इस बैठक के दौरान कुंभ मेला-2025 को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने के लिए प्रगति कार्यों की समीक्षा की गयी । इस दौरान मेला प्रशासन द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से निर्माण कार्य और कुंभ मेला के दौरान भीड़ प्रबंधन की विस्तृत जानकारी साझा की गयी ।
इस अवसर पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, प्रयाग जंक्शन, प्रयागराज संगम, प्रयागराज छिवकी झूंसी, नैनी, फाफामऊ और सूबेदारगंज स्टेशनों सहित प्रयागराज में निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा की गयी और पूर्ण करने की निर्धारित समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। बैठक में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के आवागमन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए नक्शे के माध्यम प्लान पेश किया गया और उसे बेहतर बनाने के सुझावों पर चर्चा की गयी। सुझावों के अनुसार अगली बैठक में संशोधित प्लान देने के लिए संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गए।
इस बैठक में शहर के सभी प्रमुख स्टेशनों के संपर्क मार्गों के चौड़ीकरण के कार्य की प्रगति समीक्षा के दौरान उनकी क्षमता और कार्य को समय से पूर्ण करने लिए निर्देश दिये गए । तेज गति से यातायात को संचालित करने के लिए शहर के अंदर और शहर के आस-पास के रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिजों की कार्य प्रगति समीक्षा के दौरान जमीन का अधिग्रहण, संपर्कमार्ग, विद्युत केबिलों का स्थानांतरण, रेलवे स्टेशनों और रेलवे लाइन के किनारे बाउंड्रीवाल, सकुर्लेटिंग एरिया का विकास, शौचालयों की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, संपर्क मार्गों का विकास सहित प्रत्येक विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।
बैठक में छिवकी के समपार फाटक 34अ पर रोड ओवर ब्रिज, बमरौली-मनौरी खंड में बेगम बाजार के समपार फाटक संख्या 3 पर रोड ओवर ब्रिज, बमरौली-मनौरी खंड के समपार फाटक संख्या 4 पर रोड ओवर ब्रिज, छिवकी-करछना खंड में रिंग रोड पर यूनाइटेड कालेज के समपार फाटक संख्या 32 पर रोड ओवर ब्रिज, जसरा यार्ड में समपार फाटक संख्या 424 पर रोड ओवर ब्रिज, करछना यार्ड में समपार फाटक संख्या 31 पर रोड ओवर ब्रिज, सूबेदारगंज-प्रयागराज के मध्य रोड ओवर ब्रिज, फाफामऊ-प्रयागराज खंड में सलोरी के समपार फाटक संख्या 75अ पर रोड ओवर ब्रिज, प्रयाग यार्ड में समपार फाटक संख्या 76 स्पेशल पर रोड ओवर ब्रिज एवं 77 स्पेशल पर रोड अंडर ब्रिज, फाफामऊ-थरवाई खंड में समपार फाटक संख्या 40अ पर रोड ओवर ब्रिज, फाफामऊ-सराय गोपाल खंड में समपार फाटक संख्या 1-उ पर रोड ओवर ब्रिज सहित कई निमार्णाधीन अवसंरचनाओं पर चर्चा की गयी और इनके पूर्ण करने का समय निर्धारित किया गया ।
इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य प्रशा.)/प्रयागराज संजय सिंह; वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट)/प्रयागराज शशिकांत त्रिपाठी; वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/प्रयागराज वीपी पंडित; वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/रेलवे, प्रयागराज ए.पी. सिंह; वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/ उ.रे./लखनऊ, डा. श्रेयांश; उप मुख्य इंजीनियर/गति शक्ति यूनिट/प्रयागराज बीके वर्मा; वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-श्क/ उ.रे./लखनऊ, इंद्र कुमार; वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/एनईआर/वाराणसी, एस रामकृष्ण; अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन)/लखनऊ शिवेंद्र शुक्ला; एडीएम मेला दयानंद प्रसाद, एडीएम मेला विवेक चतुर्वेदी; एडीएम सिटी मदन कुमार सहित रेलवे और सिविल प्रशासन के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## साइबर फ्रॉड कर पीड़ित के खाते से निकाले गये 20, हजार रुपये साइबर थाना, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के बैंक खातें में वापस कराये गए



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।** आवेदक आरक्षी दीपक कुमार यादव निवासी पुलिस लाइन, जनपद बाराबंकी के साथ यूपीआई के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर 20,000/-रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा साइबर थाना जनपद बाराबंकी को त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित की शत प्रतिशत धनराशि वापस कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। संदर्भित प्रकरण में तत्काल साइबर थाना बाराबंकी द्वारा साइबर तकनीक का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर पीड़ित के 20,000/- रुपयों को खाते में वापस कराया गया ।

## मुक्त विश्वविद्यालय में आज होगा योग का विहंगम आयोजन



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अवसर पर यमुना परिसर स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र में योग का विहंगम कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि श्री उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, महापौर प्रयागराज होंगे तथा अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम करेंगे।

इससे पूर्व आज मानसिक विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका एवं आधुनिक जीवन शैली जनित रोगों के लक्षण एवं इसके बचाव में योग संसाधनों की भूमिका विषय पर योग प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह ने व्याख्यान दिया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर विश्वविद्यालय में मानव जीवन में योग की उपादेयता विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा वर्तमान संदर्भ में योग की प्राथमिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें शोध छात्रों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। दोनों प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को शुक्रवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर तथा कुलपति सम्मानित करेंगे।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जहां से विगत वर्षों में हजारों शिक्षार्थी योग के प्रमाणपत्र,डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं डिग्री कार्यक्रम पूर्ण कर विभिन्न संस्थाओं में योग का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। यमुना परिसर स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र में कल होने वाले योग के विहंगम कार्यक्रम की तैयारी को आज अंतिम रूप दिया गया। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि योग कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरा विश्वविद्यालय परिवार उत्साहित है। इससे पूर्व गिनीज बुक में रिकॉर्ड बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन शपथ दिलवाकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

## 8 साल से चोरी में वांछित चल रहे आरोपी को मऊआइमा पुलिस ने दबोचा



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** माऊआइमा पुलिस 8 साल से चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गुरुवार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा राघवेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर 8 साल से चोरी के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त रामसिंह पुत्र स्व0 छोटे लाल निवासी सराय केशव उर्फ बागी थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत सिसई ईदगाह के पास से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम
प्र0नि0 राघवेन्द्र सिंह, थाना मऊआइमा. प्रशि0उ0नि0 समीर यादव. प्रशि0म0उ0नि0 शालिनी गौतम, थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## हेमेटो-लिम्फोइड दुर्दमताओ पर व्याख्यान आयोजित

**अलीगढ। अलीगढ़ मुस्लिम** विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग के तत्वाधान में टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई के पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर सुमीत गुजराल का अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने रक्त और लिम्फोइड ऊतक के कैंसर से निपटने के उपायों पर बात की। उन्होंने बाल चिकित्सा हेमेटोलिम्फोइड दुर्दमताओं (मालिग्नंसीज) और उनके प्रतिरूप के कुछ महत्वपूर्ण और दिलचस्प मामलों पर चर्चा की और ल्यूकेमिया मामलों में सीएआर-टी सेल थेरेपी की उभरती भूमिका पर विस्तार से बात की।

प्रो. गुजराल ने जोर देते हुए कहा कि इन कैंसरों के निदान के लिए नैदानिक सहसंबंध एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने इन दुर्दमताओं में देखे जाने वाले विभिन्न उत्परिवर्तनों के शुरूआती और सही निदान में फ्लोसाइटोमेट्री जैसी उन्नत तकनीकों और पीसीआर और एनजीएस जैसी आणविक तकनीकों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में, मेडिसिन संकाय की डीन और जेएन मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल और सीएमएस, प्रोफेसर वीना माहेश्वरी ने हेमेटोलिम्फोइड दुर्दमताओं के शुरूआती निदान और लक्षित उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया।

पैथोलॉजी विभाग की कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. निशात अफरोज ने वक्ता का स्वागत किया और परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बुशरा सिद्दीकी ने किया। व्याख्यान के दौरान विभाग के शिक्षक व रेजीडेंट चिकित्सक मौजूद रहे।

# एनसीसी के छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध व उसके बचाव के संबंध में जागरूक किया





**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।** साइबर थाना पुलिस, बाराबंकी द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के दृष्टिगत देवा रोड स्थित 63 यूपी बटालियन एनसीसी के छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध व उसके बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया एवं साथ ही बच्चों को ऑनलाईन शॉपिंग, सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग, ऑनलाइन गेम व अन्य प्रकार के साइबर क्राइम होने के साथ-साथ 1930 साइबर शिकायत टोल फ्री नंबर और www.cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज करने के बारे में भी जागरूक किया गया। मौके पर साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विजयवीर सिंह एवं साइबर टीम उ०नि० चंद्र प्रकाश यादव, का० राजन यादव एवं का० गौरव त्रिपाठी मौजूद रहें।

# 2 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से एक लैपटाप व कूटरचित बिजली बिल रसीदें बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में गुरुवार को स्वाट/सर्विलांस व थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा के आधार पर अभियुक्त महेश कुमार पुत्र विक्रम निवासी मेडुवा थाना रामसनेहीघाट बाराबंकी, मो0 असलम पुत्र इमाम अली निवासी ग्राम राजपुर थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को सफदरगंज चौराहे के पास, गीता रेस्टोरेंट के सामने से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद लैपटाप व कूटरचित बिजली बिल रसीदें बरामद की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा लूम चलाने वाले व्यापारियों को टारगेट किया जाता है और उनसे बिजली बिल कम कराने के नाम पर कूटरचित बिल तैयार कर धोखाधड़ी की जाती है। अभियुक्तगण द्वारा बिजली विभाग के कर्मियों से सांठगाठ कर कूटरचित बिजली बिल की रसीदें देकर अब तक कुल 04 व्यापारियों से करीब 4,74,000/-रुपए की धोखाधड़ी की गयी है।

# कप्तान ने करारी थाने का किया निरीक्षण कर किया वृक्षारोपण







**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना करारी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गयी। थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, अपराध रजिस्टर, मालखाना, स्ट्रांग रुम, अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विवेचकों को लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा शस्त्रागार में शस्त्रों को भी चेक किया गया। महिला/पुरुष बैरक एवं थाना परिसर के अन्य भवनों का निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। थाने पर नियुक्त ग्राम चौकीदारों से वार्ता की गयी तथा उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर पर वृक्षारोपड़ किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर सत्येन्द्र प्रसाद तिवारी भी उपस्थित रहे।

# त्रिशक्ति डिफेंस क्लासेज के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

### घायल को अस्पताल पहुचाएं,बाद में फिर वीडियो बनाएं



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज ।** त्रिशक्ति डिफेन्स क्लासेज के बालक वा बालिकाओं को प्रयागराज यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। संस्थान द्वारा पवन पाण्डेय जी को बुके प्रदान कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में निरीक्षक पवन पाण्डेय द्वारा बच्चों बताया कि सड़क दुर्घटना में न जाने कितने लोगों की जान चली जाती है। खासकर साइकिल चालकों के लिए सुरक्षित सफर करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। कारण है कि लोग नियमों को लेकर लापरवाही करते हैं। छात्रों को बताया गया कि कार चालक सीट बेल्ट वा दोपहिया चालक सही मानकों वाला हेलमेट पहनकर ही घर से निकलें। सड़क पर हमेशा दूसरे वाहनों से निश्चित दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सड़क किनारे लगे दिशासूचक (आदेशात्मक, सूचनात्मक, संकेतात्मक) बोर्ड व सड़क सुरक्षा नियमों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए। वाहन चलाते समय नशा न करें। लोग कान में इयरफोन लगाकर गाड़ी चलाते हैं जो बेहद खतरनाक है। और बच्चो के यातायत संबंधी प्रश्नों के उत्तर के उत्तर भी दिए,उन्होंने बच्चो को गुड सेमिरिटन वा यातायात के दस स्वर्णिम सिद्धान्त के भी बारे में बताया। वाहन चलाते समय आवश्यक कागज साथ रखने के लिए सरकार द्वारा प्रमाणित ऐप (डीजी लाकर, एम परिवहन)में सुरक्षित रख सकते हैं, किसी भी दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तुरंत मदद करें और गुड सेमिरिटन बनी और सरकार से ईनाम भी पाए। इस कार्यशाला में एक बैच के 55 बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में निदेशक संगीता कुशवाहा,वाई के नीतीश,समाजसेवी (चाइल्ड लाइन 1098) नितीश शुक्ल,आईटी विभाग से अमन शुक्ल आदि लोग उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी और आसमान से बरसती आग के बीच सूखे हलक की प?यास बुझाने के लिए समाजसेवियों ने पहल शुरू किया



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के देवीगंज बाजार में भाजपा नेता मुन्ना साहू ने कस्बे में आने वालों का गला तर करने के लिए शुद्ध ठंडे पानी की व्यवस्था की है।उन्होंने गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं क्षेत्रवासियों को ठंडे जल से राहत प्रदान की है।भाजपा नेता व चर्चित समाजसेवी मुन्ना साहू ने बताया कि महंगाई के इस जमाने में 20 रुपए बोतल का पानी खरीदकर प्यास बुझाना आम आदमी के लिए सम्भव नही है।ऐसे में निःशुल्क प्याऊ लोगों को काफी राहत देगा।इस भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी पीने की कोई समस्या न हो और रास्ता चलते लोग पानी पीकर कुछ राहत ले सकें इसीलिए प्याऊ की व्यवस्था कराई गयी है।स्थानीय लोगों ने भाजपा नेता की इस पुनीत कार्य की जमकर प्रशंसा की है।

## आबादी की भूमि पर गरीब का सरकारी आवास नही बनने दे रहे दबंग

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र के भोगवारा गांव की एक पीड़ित महिला ने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया की गरीबी के चलते उसे प्रधानमंत्री आवास मिला है जिसको वह अपने आबादी की भूमि पर बनवा रही है लेकिन उसी गांव के जयराम उर्फ रामाशंकर आदि उसका सरकारी आवास नही बनने दे रहे है पीड़िता का आरोप है की उक्त आबादी की भूमि से लगा हुआ उक्त आरोपी के पट्टे की कुछ भूमि है जिसका एक बार सीमांकन भी हो चुका है उसके बावजूद उपरोक्त व्यक्ति जबरन दबंगई से सरकारी आवास बनने में बांधा उत्पन्न कर रहा है पीड़िता ने उपजिलाधिकारी हंडिया को शिकायती पत्र देते हुए प्रार्थना किया है की विपक्षी के पट्टे की भूमि को फिर सीमांकन करके अलग कर दिया जाय जिससे सरकारी आवास वह अपने आबादी की भूमि में बना सके इसके लिए माननीय दीवानी न्यायालय से आदेश भी हुआ है इसके बावजूद हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक और फूलपुर पुलिस उक्त पीड़ित महिला को न्याय नहीं दिला पा रही है इससे बिपक्षियों का मनोबल बढ़ गया है आए दिन उक्त पीड़ित महिला के घर पर चढ़ कर गाली गलौज करते रहते है पीड़ित महिला मूलदेवी पत्नी राजेंद्र कुमार गौतम ने जिलाधिकारी सहित उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

## हण्डिया पुलिस द्वारा 3 गुमशुदा बालकों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज ।** हंडिया पुलिस ने गुमशुदा हुए तीन बालकों को गुरुवार सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा
प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम ने बताया 3 गुमशुदा बालकों को सी0सी0टी0वी0, सर्विलांस सेल व अन्य माध्यमों का प्रयोग करके सकुशल बरामद किया गया । गुमशुदा बालकों को परिजनों को सुपुर्द किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । परिवार-जनों द्वारा कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस के सार्थक प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी ।
बरामदगी करने वाली पुलिस टीम
प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, थाना हण्डिया. अति0नि0 ब्रजेश तिवारी. व0उ0नि0 गोविन्द राम. उ0नि0 चन्दशेखर यादव, थाना हण्डिया कमिश्रनेट प्रयागराज ।

## पुलिस द्वारा अवैध तमन्चे के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला थाना कोतवाली पडरौना मय पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

## बीएसएनल बिल्डिंग की हुई कुर्की

**अलीगढ़।** कमर्शियल कोर्ट अलीगढ़ के द्वारा दो केसो में जारी किए गए आदेश के अनुसार बकाया राशि रुपए 2438452 एवं 1911708 का भुगतान बीएसएनएल अलीगढ़ ने नहीं दिया, इसलिए कमर्शियल कोर्ट अलीगढ़ द्वारा बीएसएनल बिल्डिंग कुर्क कर दी गई एवं बैंक का खाता सीज कर दिए गए चल अचल संपत्ति की नीलामी के आदेश जारी कर करने की प्रतिक्रिया चालू कर दी है। बीएसएनल अलीगढ़ के द्वारा गाजियाबाद के ठेकेदार एवं मथुरा के ठेकेदार से एग्रीमेंटों के अधीन कार्य कराकर बिलों का भुगतान नहीं दिया इसके बाद दोनों ठेकेदारों ने आर्बिट्रेशन न्यायालय में अपील की थी जिसमें अवार्ड दोनों ठेकेदारों के पक्ष में आया था, लेकिन बीएसएनएल विभाग के द्वारा अवार्ड के अनुसार भुगतान नहीं दिया बल्कि आर्बिट्रेशन अवॉर्ड के विरुद्ध कमर्शियल कोर्ट अलीगढ़ में अपील की गई कमर्शियल अलीगढ़ ने अपील को खारिज कर दिया था इसके बाद बीएसएनल अलीगढ़ द्वारा कमर्शियल कोर्ट के द्वारा दिए गए आदेश के विरुद्ध हाई कोर्ट इलाहाबाद में चुनौती दी ।

# जापान में कोहराम मचा रहा Flesh Eating Bacteria, एक्सपर्ट्स से जानें क्या भारत के लिए खतरा बन सकती है यह बीमारी



**जापान में पिछले कुछ दिनों से स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम (STSS) का कहर जारी है। यहां इस खतरनाक बीमारी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। फ्लेश ईटिंग बैक्टीरिया (Flesh Eating Bacteria) के कारण होने वाली यह बीमारी दुर्लभ लेकिन बेहद गंभीर है। ऐसे में एक्सपर्ट्स बता रहे हैं यह भारत के लिए कितना खतरनाक हो सकता है।**

बीते कुछ समय से जापान में लगातार स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम (STSS) के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। यह एक खतरनाक बीमारी है, जो फ्लेश ईटिंग बैक्टीरिया (Flesh Eating Bacteria) के कारण होती है। यह बैक्टीरिया ग्रुप-ए स्ट्रेप्टोकोकस (जीएएस) परिवार से संबंधित है। यह बीमारी बेहद गंभीर है, क्योंकि इससे संक्रमित होने के 48 घंटों के अंदर ही पीड़ित की मौत हो सकती है।

पूर्वी-एशियाई देशों में 2 जून तक इस बीमारी के 977 मामले सामने आ चुके हैं, जो पिछले साल के 941 मामलों की तुलना में काफी ज्यादा है। फ्लेश ईटिंग बैक्टीरिया बीमारी की मृत्यु दर 30 प्रतिशत है। ऐसे में स्ञ्रस्स के तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए जापान प्रशासन ने स्वास्थ्य अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने के आदेश दिए हैं। ऐसे में इस बीमारी के बारे में विस्तार से जानने और भारत में इसके खतरे को लेकर जागरण ने कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स से बातचीत की।

क्या है स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम (STSS)?

स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम, जिसे फ्लेश ईटिंग बैक्टीरिया डिजीज के नाम से भी जाना जाता है, एक दुर्लभ लेकिन गंभीर संक्रमण है। यह बीमारी ग्रुप-ए स्ट्रेप्टोकोकस (GAS) बैक्टीरिया के कारण होती है। इस बारे में गुरुग्राम के फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट में संक्रामक रोग की सलाहकार डॉ. नेहा रस्तोगी पांडा ने बताया कि ग्रस्र बैक्टीरिया ब्लड स्ट्रीम में हानिकारक टॉक्सिन्स छोड़ता है, जिससे तेज और गंभीर इम्यून रिस्पॉन्स होता है। वहीं, शारदा अस्पताल में जनरल फिजिशियन डॉ. श्रेय श्रीवास्तव बताते हैं कि ये बैक्टीरिया रेस्पिरेटरी ड्रॉपलेट्स या सीधे संपर्क के जरिए फैलते हैं।

ग्रस्र बैक्टीरिया एक ग्राम-पॉजिटिव बैक्टीरिया है, जो आमतौर पर इंसानों के गले या त्वचा पर पाया जाता है। यह बैक्टीरिया काफी खतरनाक हो सकता है और हल्के संक्रमण जैसे स्ट्रेप थ्रोट और इम्पेटिगो से लेकर नेक्रोटाइजिंग फासिसाइटिस और एसटीएसएस जैसी गंभीर बीमारियों का कारण भी बन सकता है।

**स्ञ्रस्स और ग्रस्र बैक्टीरिया का निदान कैसे करें?**

शरीर में स्ञ्रस्स और ग्रस्र की मौजूदगी का पता लगाने के लिए रैपिड एंटीजन डिटेक्शन टेस्ट (RATD) या थ्रोट कल्चर का इस्तेमाल किया जाता है। इसकी मदद से गले या अन्य संक्रमित स्थानों में बैक्टीरिया के मौजूद होने की पहचान करता है। वहीं, डॉ. पांडा ने बताया कि स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम (एसटीएसएस) जैसे गंभीर संक्रमण के निदान के लिए ब्लड या टिश्यू कल्चर टेस्ट का इस्तेमाल किया जाता है।

**STSS रोग के लक्षण**

स्ञ्रस्स से संक्रमित होने पर शरीर में विभिन्न लक्षण नजर आते हैं, जिसकी मदद से समय रहते इसकी पहचान की जा सकती है। जैसा कि डॉक्टर ने बताया कि यह बैक्टीरिया ब्लड स्ट्रीम में टॉक्सिन्स छोड़ते हैं, जिससे तेज और गंभीर इम्यून रिस्पॉन्स होता है। इसके अलावा ग्रस्र संक्रमण के मामलों में नेक्रोटाइजिंग फासिसाइटिस का संकेत देने वाला गंभीर दर्द का भी अनुभव होता है, जिसका अगर समय पर इलाज न किया जाए, तो बहुत ही कम समय में दर्दनाक मृत्यु हो सकती है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति में निम्न लक्षण नजर आते हैं-

# अगर लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ तो क्यों यह भारतीय राजनीति के इतिहास की बड़ी घटना होगी

**हम आपको बता दें कि स्वतंत्रता से पहले संसद को केंद्रीय विधानसभा कहा जाता था और इसके अध्यक्ष पद के लिये पहली बार चुनाव 24 अगस्त 1925 में हुआ था जब स्वराजवादी पार्टी के उम्मीदवार विट्ठलभाई जे. पटेल ने टी. रंगाचारियर के खिलाफ यह चुनाव जीता था।**



18वीं लोकसभा का अध्यक्ष कौन होगा, इसको लेकर भाजपा और उसके सहयोगी दलों के बीच चर्चाओं का दौर जारी है। दूसरी ओर विपक्ष भी इस प्रयास में है कि अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार उतारा जाये। विपक्ष का यह भी कहना है कि सरकार को चाहिए कि वह उपाध्यक्ष का पद उसे दे लेकिन सरकार इस मूड़ में नहीं दिख रही है कि इन दोनों पदों में से कोई भी पद विपक्ष को दिया जाये। इसलिए माना जा रहा है कि 18वीं लोकसभा का सत्र हंगामेदार हो सकता है। हालांकि, राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो पता चलता है कि अब तक लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन आम सहमति से ही हुआ है। इसलिए विपक्ष अगले सप्ताह लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए उम्मीदवार उतारकर यदि चुनाव की स्थिति उत्पन्न करता है तो यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार होगा। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी का चयन चूंकि हमेशा आम सहमति से होता रहा है इसलिए यदि यह परम्परा इस बार टूटती है तो यह एक बड़ी राजनीतिक घटना होगी।

पीठासीन अधिकारियों का इतिहास

हम आपको बता दें कि स्वतंत्रता से पहले संसद को केंद्रीय विधानसभा कहा जाता था और इसके अध्यक्ष पद के लिये पहली बार चुनाव 24 अगस्त 1925 में हुआ था जब स्वराजवादी पार्टी के उम्मीदवार विट्ठलभाई जे. पटेल ने टी. रंगाचारियर के खिलाफ यह चुनाव जीता था। अध्यक्ष के रूप में चुने जाने वाले पहले गैर-सरकारी सदस्य विट्ठलभाई जे. पटेल ने दो वोटों के मामूली अंतर से पहला चुनाव जीता। पटेल को 58 वोट मिले थे, जबकि टी. रंगाचारियार को 56 वोट मिले थे। केन्द्रीय विधान सभा के अध्यक्ष के पद के लिए 1925 से 1946 के बीच छह बार चुनाव हुए। विट्ठलभाई पटेल अपना पहला कार्यकाल पूरा होने के बाद 20 जनवरी 1927 को सर्वसम्मति से पुनः इस पद पर निर्वाचित हुए। महात्मा गांधी द्वारा सविनय अवज्ञा के आह्वान के बाद पटेल ने 28 अप्रैल, 1930 को पद छोड़ दिया। सर मुहम्मद याकूब (78 वोट) ने नौ जुलाई, 1930 को नंद लाल (22 वोट) के खिलाफ अध्यक्ष का चुनाव जीता। याकूब तीसरी विधानसभा के आखिरी सत्र के लिए इस पद पर रहे। चौथी विधानसभा में सर इब्राहिम रहीमतुल्ला (76 वोट) ने हरि सिंह गौर के खिलाफ अध्यक्ष का चुनाव जीता, जिन्हें 36 वोट मिले। स्वास्थ्य कारणों से 7 मार्च 1933 को रहीमतुल्ला ने इस्तीफा दे दिया और 14 मार्च 1933 को सर्वसम्मति से षणमुखम चेट्टी उनके स्थान पर नियुक्त हुए। सर अब्दुर रहीम को 24 जनवरी 1935 को पांचवीं विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। रहीम को 70 वोट मिले थे, जबकि टी.ए.के. शेरवानी को 62 सदस्यों का समर्थन प्राप्त था। रहीम ने 10 साल से अधिक समय तक उच्च पद संभाला क्योंकि पांचवीं विधानसभा का कार्यकाल समय-समय पर प्रस्तावित संवैधानिक परिवर्तनों और बाद में द्वितीय विश्व युद्ध के कारण बढ़ाया गया था।

केंद्रीय विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए अंतिम मुकाबला 24 जनवरी, 1946 को हुआ था, जब कांग्रेस नेता जी.वी. मावलंकर ने कावसजी जहांगीर के खिलाफ तीन मतों के अंतर से चुनाव जीता था। मावलंकर को 66 मत मिले थे, जबकि जहांगीर को 63 मत मिले थे। इसके बाद मावलंकर को संविधान सभा और अंतरिम संसद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जो 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के बाद अस्तित्व में आई। मावलंकर 17 अप्रैल, 1952 तक अंतरिम संसद के अध्यक्ष बने रहे, जब पहले आम चुनावों के बाद लोकसभा और राज्यसभा का गठन किया गया।

स्वतंत्रता के बाद से लोकसभा अध्यक्षों का चयन सर्वसम्मति से किया जाता रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केवल एमए अयंगर, जीएस ढिल्लों, बलराम जाखड़ और जीएमसी बालयोगी ही बाद की लोकसभाओं में प्रतिष्ठित पदों पर पुनः निर्वाचित हुए हैं। लोकसभा के पहले उपाध्यक्ष अयंगर वर्ष 1956 में मावलंकर की मृत्यु के बाद अध्यक्ष चुने गये थे। उन्होंने 1957 के आम चुनावों में जीत हासिल की और उन्हें दूसरी लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया था। ढिल्लों को 1969 में अध्यक्ष एन संजीव रेड्डी के इस्तीफे के बाद चौथी लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया था। ढिल्लों को 1971 में पांचवीं लोकसभा का अध्यक्ष भी चुना गया और वे 1 दिसंबर 1975 तक इस पद पर बने रहे। उन्होंने आपातकाल के दौरान यह पद छोड़ दिया था।इसके अलावा, बलराम जाखड़ सातवीं और आठवीं लोकसभा के अध्यक्ष रहे और उन्हें दो पूर्ण कार्यकाल पूरा करने वाले एकमात्र पीठासीन अधिकारी होने का गौरव प्राप्त है। बालयोगी को 12वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया, जिसका कार्यकाल 19 महीने का था। उन्हें 22 अक्टूबर 1999 को 13वीं लोकसभा का अध्यक्ष भी चुना गया। बालयोगी की 3 मार्च 2002 को एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। पिछली लोकसभा में भाजपा सांसद ओम बिरला अध्यक्ष थे। इस बार वह अध्यक्ष बनेंगे या नहीं इसको लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। लेकिन एक बात साफ है कि अध्यक्ष पद भाजपा के पास ही रहेगा। प्रधानमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष के मुद्दे पर सहयोगी दलों के बीच सहमति बनाने का काम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सौंपा हुआ है और माना जा रहा है कि एकाध दिन में इस मुद्दे पर स्थिति और स्पष्ट हो जायेगी। दूसरी ओर, विपक्ष भी कमर कस चुका है। दरअसल लोकसभा में अपनी बढ़ी हुई ताकत से उत्साहित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अब आक्रामक तरीके से उपाध्यक्ष के पद की मांग कर रहा है, जो परंपरागत रूप से विपक्षी दल के सदस्य के पास होता है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, ÷यदि सरकार विपक्ष के नेता को उपाध्यक्ष बनाने पर सहमत नहीं होती है तो हम ेकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।÷ हम आपको बता दें कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिस दौरान निचले सदन के नए सदस्य शपथ लेंगे और अध्यक्ष का चुनाव होगा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' ने 234 सीटें जीतीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग ने 293 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखी। 16 सीटों के साथ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और 12 सीटों के साथ जनता दल (यू) भाजपा की सबसे बड़ी सहयोगी हैं। भाजपा ने 240 सीटें जीती हैं। जद (यू) ने लोकसभा अध्यक्ष के लिए भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की है, जबकि तेदेपा ने इस प्रतिष्ठित पद के लिए सर्वसम्मत उम्मीदवार का समर्थन किया है। हालांकि विपक्षी गठबंधन तेदेपा पर लोकसभा अध्यक्ष के पद पर जोर देने या पार्टी में धीरे-धीरे विघटन का सामना करने के लिए कह रहा है।

## संपादकीय

## मणिपुर पर भाजपा का अजीब रवैया

मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष को खड़े हुए साल भर से अधिक का वक्त बीत गया है। लेकिन वहां शांति कायम होने की पुख्ता जमीन अब तक तैयार नहीं हो पाई है। अलबत्ता गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें मणिपुर के हालात पर समीक्षा की गई। जिसमें फैसला लिया गया कि गृह मंत्रालय मैतेई और कुकी समुदाय से बात करेगा। गृह मंत्री शाह ने राज्य के मुख्य सचिव विनीत जोशी को विस्थापितों के लिए उचित स्वास्थ्य-शिक्षा सुविधाएं और उनके पुनर्वास को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय को ओर से जारी बयान में कहा गया कि जरूरत पढ़ने पर राज्य में केन्द्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी। राज्य में शांति और सौहार्द बहाल करने के लिए बलों को रणनीतिक रूप से तैनात किया जाना चाहिए। मणिपुर में हिंसा फैलाने वालों को खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस बैठक में अमित शाह के साथ केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो प्रमुख तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी, मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह और असम राइफल्स के डीजी प्रदीप चंद्रन नायर शामिल थे। लेकिन मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह का नाम इसमें नहीं था।

केन्द्र और राज्य के प्रशासनिक, पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों का बैठक में होना जरूरी था, क्योंकि सरकार के निर्णयों को जमीन पर उतारने का काम इन्हीं का होता है। लेकिन क्या मणिपुर की सत्ता राज्य सरकार नहीं बल्कि केंद्र सरकार संभाल रही है। अगर ऐसा नहीं है तो फिर बीरेन सिंह के इस बैठक में शामिल न होने के क्या कारण हो सकते हैं। क्या राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के मामले में उन्हें दूर रखकर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को यह संदेश दिया है कि उन पर अब भरोसा नहीं रहा। कारण जो भी हो, लेकिन केंद्र सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक नहीं है।मणिपुर और केंद्र दोनों जगह भाजपा ही सत्ता में है। भाजपा की जुबान में इसे डबल इंजन सरकार कहा जाता है। लेकिन दोनों जगह भाजपा के सत्ता में होने का यह अर्थ कतई नहीं है कि मणिपुर का शासन केंद्र से चले। अगर भाजपा को एन बीरेन सिंह की प्रशासनिक अक्षमता से शिकायत है, तो उन्हें पद से हटानाचाहिए या फिर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए।वैसे भी मणिपुर के मामले में केंद्र सरकार का रवैया समझ से परे ही रहा है। पिछले साल मई के शुरुआती दिनों में जब मणिपुर के हालात बिगड़ने शुरु हुए, प्रधानमंत्री मोदी तब भी वहां नहीं गए थे और अब जबकि उन्होंने फिर से प्रधानमंत्री का पद संभाल लिया है, उनकी प्राथमिकता में मणिपुर शायद अब भी नहीं है। जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए वे इटली तक हो आए, लेकिन मणिपुर जाने का उन्हें वक्त नहीं मिला है। मणिपुर पर अब भी अमित शाह बैठक कर रहे हैं। पिछले साल अमित शाह ने वहां का दौरा भी किया था, लेकिन हालात नहीं सुधरे और अब आलम ये है कि हाल ही में मुख्यमंत्री के काफिले पर हमले से लेकर उनके आवास के पास में आगजनी तक हो गई। फिर भी केंद्र सरकार मैतेई और कुकी समुदाय से चर्चा की बात ही कर रही है। पिछले एक साल में केंद्र सरकार ने दोनों पक्षों से बातचीत की ऐसी कितनी कोशिशें की हैं, और उनका क्या नतीजा निकला है, यह भी अमित शाह को बता देना चाहिए, ताकि जनता को यकीन हो कि मणिपुर को लेकर सरकार वाकई गंभीर है।हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर के मामले में अपनी नाखुशी जाहिर करते हुए कहा था कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है।दस साल पहले मणिपुर में शांति थी। ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है। मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। श्री भागवत के इस कथन के बाद ही अमित शाह ने यह उच्च स्तरीय बैठक की है, जिस पर कहा जा रहा है कि यह संघ के दबाव का असर है। इस आकलन में कितनी सच्चाई है, यह तो पता नहीं, लेकिन ऐसा है तब भी इसे आदर्श स्थिति नहीं कहा जा सकता। क्योंकि केंद्र और राज्य की सत्ता जनता ने भाजपा को सौंपी है, संघ को नहीं। इसलिए हालात संभालने की चिंता भाजपा की होनी चाहिए। मगर अब भाजपा के रवैये को देखकर चिंता बढ़ रही है।मणिपुर में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने की मांग के विरोध में पिछले साल कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष की शुरुआत हुई थी।

चुराचांदपुर से शुरु हुई हिंसा धीरे-धीरे पूर्वी-पश्चिमी इंफाल, बिष्णुपुर, तेंगनुपाल और कांगपोकपी जिलों में फैलती गई और फिर पूरे राज्य को अपनी चपेट में ले लिया। अगर इस आग को शुरु में ही काबू कर लिया जाता तो एक सुंदर प्रदेश बर्बाद होने से बच जाता। मगर राज्य और केंद्र की भाजपा सरकारें न जाने किन कारणों से आग को फैलते हुए देखती रही। दो महिलाओं की नग्न परेड जैसी भयावह घटना से लेकर आगजनी और कत्ल की न जाने कितनी घटनाएं इस राज्य में हुईं।

# विपरीत विचारों को सुनने का अभ्यास करना होगा सरकार को



यह तो सच है कि कोई भी व्यक्ति या संगठन अपनी आलोचना सुनना पसंद नहीं करता परन्तु लोकतंत्र का यह तकाज़ा है कि सरकारों को अपनी आलोचना सुनने की क्षमता विकसित करनी ही पड़ती है। यह भी सच है कि मोदी एवं भाजपा जिस परिवेश की उपज हैं, उसमें आलोचना तो दूर सवाल करने या नुक्ताचीनी की भी गुंजाईश नहीं होती।

सुप्रसिद्ध लेखिका अरुंधति रॉय पर एक 14 साल पुराने मामले को लेकर मुकदमा चलाने की अनुमति देकर दिल्ली के उप राज्यपाल ने साबित कर दिया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भारत के लिये अब भी दूर की कौड़ी है। देश के संविधान ने चाहे लोगों को अपनी राय रखने की आजादी के मजबूत प्रावधान कर रखे हों लेकिन समाज इस बात का आदी नहीं है कि वह नये विचारों की ओर कान और ध्यान दे; या किसी विषय पर नये दृष्टिकोण से विचार कर सके। वैसे समाज में विचारों के स्तर पर नवाचार लाना या उनमें ताज़गी भरना सरकार का ही काम है। उनमें विचार बोने का काम चाहे सरकार का न हो लेकिन आज़ाद खयाली को प्रोत्साहन देना और उसे संरक्षित रखना लोकतांत्रिक समाज की ही जिम्मेदारी है। ये विचार प्रचलित मान्यताओं के खिलाफ़ हो सकते हैं या फिर परम्पराओं से हटकर भी, उनमें सांस्कृतिक हस्तक्षेप न करते हुए देश में एक वैचारिक प्रवाह को मुक्त बनाये रखने के लिये आवश्यक वातावरण बनाना उसी का काम है। अगर विचारधारा को कोई बाधित करता है तो उन अवरोधों को संवैधानिक प्रावधानों के माध्यम से हटाना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का उत्तरदायित्व होता है। इसके बिना उस देश का %लोकतंत्र की जननी% होने का दावा बेकार है। संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को इसलिये दुनिया भर में तवज्जो दी जाती है। अपने खिलाफ उठने वाली आवाज को सुनकर और उसे सम्मान देकर सरकारें अपना कद बढ़ाती हैं। दुर्भाग्य से भारत में नये विचार जन्म लेने के पहले ही मर रहे हैं।अरुंधति रॉय के सन्दर्भ में यह बात और पुख्ता हो जाती है। 9 से अधिक पुस्तकों की अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाज़ी गयी लेखिका अरुंधति के खिलाफ यह मामला 27 नवम्बर, 2010 को उनके द्वारा दिल्ली के एलटीजी सभागार में दिये भाषण को लेकर दर्ज हुआ है। इसमें उन्होंने कश्मीर पर अपनी राय रखी थी। %आजादी- द ओनली वे% नामक इस कांफ्रेंस में उन्होंने कथित रूप से कश्मीर को भारत से अलग करने सम्बन्धी प्रचार किया था। इस कार्यक्रम में उनके साथ सैयद अली शाह गिलानी, एसएआर गिलानी, डॉ. शेख शौकत हुसैन एवं कवि करवर राव शामिल थे। दोनों गिलानी तो बरी हो गये, शेष के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। वैसे उनके खिलाफ कई धाराओं के अंतर्गत मामले चलाने की अनुमति मांगी गयी थी, पर मंजूरी केवल 153ए तथा 153बी के तहत ही मुकदमे दर्ज करने की दी गयी जो नस्ल, धर्म, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर वैमनस्यता बढ़ाने व सद्भाव के खिलाफ काम करने तथा राष्ट्रीय एकीकरण को नुकसान पहुंचाने से सम्बन्धित हैं। 14 वर्ष बाद मामला दर्ज करना यही बतलाता है कि नरेन्द्र मोदी सरकार अपने खिलाफ विचार रखने वालों की शिनाख्त जारी रखे हुई है और मौका मिलते ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजने पर आमादा है। वैसे देखें तो मामला कांग्रेस सरकार के वक्त का है और इतने समय के बाद भी उनके भाषण का अब तक कोई प्रतिकूल असर समाज पर न पड़ना बतलाता है कि मोदी सरकार तिल का ताड़ बनाना चाहती है।

अरुंधति ऐसी लेखिका नहीं हैं जो किसी कोने में बैठकर गल्प साहित्य लिखे और पुरस्कार लेती फिरें। समाज के प्रति उनकी संपृक्तता बेहद सराही जाती है। हर तरह के सामाजिक सरोकारों पर वे लेख लिखती हैं और मौका मिले तो भाषणों, साक्षात्कारों आदि में भी अपने विचार रखती हैं। उन्मुक्त विचारों के लिये जानी जाने वाली रॉय एक लोकप्रिय लेखिका हैं जो हमेशा देश व दुनिया के सर्वहारा के साथ खड़ी नज़र आती हैं। उनके विचारों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरा आग्रह दिखलाई देता है। संविधान में निहीत स्वतंत्रता, समानता, बन्धुत्व के मूल भावों को उन्होंने न केवल संजोया है वरन उनकी प्रभावी अभिव्यक्ति उनके लेखन में हुई है। यहीं से मोदी सरकार से उनकी दुश्मनी शुरू होती है।

वे मोदी सरकार की निरंकुश कार्यपद्धति की हमेशा से विरोधी रही हैं। राजनैतिक असहमतियों से भरे उनके लेखों के संग्रह भी प्रकाशित हो चुके हैं जिनमें अरुंधति ने मोदी सरकार की जमकर आलोचना की है। 2022 में प्रकाशित एक लेख में उन्होने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की तुलना यूएस कैपिटल हिल के दंगाइयों से की थी। ऐसे ही, सुप्रसिद्ध पत्रकार करण थापर को %द वायर% के लिये दिये एक इंटरव्यू में अरुंधति रॉय ने हिन्दू राष्ट्रवाद की सोच को विभाजनकारी बतलाते हुए कहा था कि भारत की जनता इसे कभी कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने इसी साक्षात्कार में भाजपा को फासीवादी करार दिया था। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई थी कि एक दिन देश इसका विरोध करेगा। उन्होंने कहा था कि वे भारतीयों पर भरोसा करती हैं और एक दिन देश इस अंधेरी खाई से बाहर निकल आयेगा। विभिन्न अवसरों पर अरुंधति ने कभी कश्मीर को भारत का हिस्सा मानने से इंकार कर दिया तो कभी गोवा की आजादी को गलत बताया तो कश्मीर की जनता पर भारतीय सेना के अत्याचारों की बात भी कही।

सम्भव है कि कुछ मुद्दों को लेकर किसी की अरुंधति के विचारों से सहमति न भी हो परन्तु एक सभ्य समाज के भीतर इतनी सहनशीलता अवश्य होनी चाहिये कि वह उन विचारों पर मुक्त संवाद कर सके। पसंद न आने वाले विचारों को लेकर किसी पर मुकदमा कर देना या उन्हें जेलों में डाल देना किसी स्वस्थ समाज की निशानी नहीं कही जा सकती। पिछले कुछ समय से भारत में यह नज़ारा आम हो गया है। अपने हक मांगने वाले, सरकार की खामियां बतलाने वाले, लोकतंत्र की बातें करने वाले, मानवाधिकार कार्यकर्ता, लेखक, पत्रकार आदि थोक के भाव में जेलों में भेजे गये हैं। लम्बे-लम्बे समय तक सरकार के इशारों व दबाव में उन्हें जमानत नहीं मिलती। कई ऐसे लेखक-पत्रकार या मानवाधिकार कार्यकर्ता बीमारी के बाद भी जेलों से नहीं छोड़े जाते। ये सारे ही मामले बताते हैं कि इस सरकार में प्रतिरोध की आवाज को सुनने की शक्ति नहीं है और न ही उसे लोकतंत्र की बुनियादी शऊर व यह समझ है कि एक समाज का निर्माण विविध विचारों को मिलाकर होता है। भारत की आजादी के बाद बनी सरकारों ने इस बात को ख्याल में रखा था और सरकारें सहिष्णुता के मार्ग पर चलती थीं। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उनके असहमति के प्रति सम्मान के लिये जाना जाता था। प्रचण्ड लोकप्रियता के बाद भी उन पर साम्यवादियों, समाजवादियों तथा दक्षिणपंथियों द्वारा जोरदार हमले होते रहे परन्तु उन्होंने किसी को भी कुचलने की कोशिश नहीं की। उलटे, नेहरू संसद के भीतर लोगों को इस बात के लिये प्रोत्साहित करते थे कि वे शासकीय कामों की खामियां बतायें।

यह तो सच है कि कोई भी व्यक्ति या संगठन अपनी आलोचना सुनना पसंद नहीं करता परन्तु लोकतंत्र का यह तकाज़ा है कि सरकारों को अपनी आलोचना सुनने की क्षमता विकसित करनी ही पड़ती है। यह भी सच है कि मोदी एवं भाजपा जिस परिवेश की उपज हैं, उसमें आलोचना तो दूर सवाल करने या नुक्ताचीनी की भी गुंजाईश नहीं होती। ऐसे में अगर उनकी सरकार में अपने खिलाफ कुछ भी सुनने का माद्दा नहीं है, तो इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं होना चाहिये। असली सवाल यह है कि इस मामले में जनता किस तरफ है? एक ओर सरकार है तो हर पल नागरिकों को कमजोर करने को उद्धत रहती है जबकि दूसरी तरफ अरुंधति जैसे लोग हैं जो मानवीय चेतना को जगाने का काम करते हैं।

## ये बस वक्त की बर्बादी है

# सोनाक्षी सिन्हा

## और जहीर इकबाल की शादी पर Swara Bhaskar ने किया कमेंट



सोनाक्षी सिन्हा अपनी शादी को लेकर चर्चा बटोर रही हैं। सोशल मीडिया पर एक्टर जहीर इकबाल संग उनके वेडिंग की खबरें छाई हुई हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने अभी तक कुछ भी आधिकारिक तौर पर नहीं कहा है। इस बीच अब स्वरा भास्कर ने सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी पर कमेंट किया है।स्वरा भास्कर अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस अक्सर अपने स्टेटमेंट के चलते ध्यान खींचती हैं। अब उन्होंने सोनाक्षी सिन्हा की शादी पर बात की है।

**स्वरा ने झेली थी ट्रोलिंग**

स्वरा भास्कर ने बीते साल समाजवादी पार्टी के नेता और सोशल एक्टिविस्ट फहाद अहमद से शादी कर हैरान कर दिया था। दोनों ने 16 फरवरी 2023 को कोर्ट मैरिज की थी। एक्ट्रेस ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा कि जब वो शादी कर रही थीं, तब कई एक्सपर्ट उनकी आलोचना करने आ गए थे।





वही, अब सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी को लेकर हो रहा है।

**लव जिहाद बड़ा मिथ है**

स्वरा भास्कर ने कहा कि दूसरे धर्म में शादी करने वाले कपल्स को बिना वजह ट्रोल किया जाता है और ये अब आम बात हो गई है। सिने कनेक्ट के साथ इंटरव्यू में अभिनेत्री ये भी कहा कि भारत में लव जिहाद सबसे बड़ा मिथ है। एशिया में लोगों को दूसरी की जिंदगी में दखलअंदाजी करने में बहुत दिलचस्पी होती है।

**सोनाक्षी की शादी पर बोलीं स्वरा**

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल को लेकर बात करते हुए स्वरा भास्कर ने कहा, ़मेरी शादी के दौरान भी कई एक्सपर्ट्स ने आ गए थे और अपनी राय दी थी। यहां हम दो अडल्ट के बारे में बात कर रहे हैं। वो अपनी पर्सनल लाइफ में क्या करते हैं, शादी करते हैं या नहीं करते, ये सब उनका निजी फैसला है। अगर वो एक साथ रह रहे हैं, कोर्ट में शादी कर रहे हैं या निकाह कर रहे हैं या आर्य समाज में शादी कर रहे हैं तो इससे किसी को कोई लेना-देना नहीं है।

**समय बर्बाद करने वाली बात है**

उन्होंने आगे कहा, ये एक पुरुष-महिला और उनके परिवार के बीच की बात है। ये सोनाक्षी की लाइफ है, उन्होंने अपना पार्टनर चुन लिया है और उनके पार्टनर ने भी उन्हें चुन लिया है। अब ये उन दोनों और उनके परिवारों के बीच है। इससे किसी और का कोई लेना- देना नहीं है। इस पर बात करना मुझे समय बर्बाद करने वाली बहस लगती है।ज्

## वड़ा पाव गर्ल बनीं अनिल कपूर के शो की पहली कंफर्म कंटेस्टेंट, ये सेलिब्रिटी भी हो सकते हैं शामिल



दिल्ली की 'वड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका गेरा दीक्षित अनिल कपूर के 'बिग बॉस ओटीटी' सीजन 3 की पहली कंफर्म कंटेस्टेंट बन गई हैं. हाल ही में मुंबई में हुए 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लॉन्च इवेंट में 'वड़ा पाव गर्ल' का प्रोमो जारी किया गया. एमपी की रहने वाली चंद्रिका, शादी के बाद दिल्ली शिफ्ट हुई थीं. बेटे की बीमारी की वजह से उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी. और ठेले पर वडा पाव बेचना शुरू कर दिया. चंद्रिका अपने वड़ा पाव से ज्यादा उनके ऐटिट्यूड, झगड़ों के लिए जानी जाती हैं.

चंद्रिका दीक्षित गेरा, सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोलिंग का शिकार होती आई हैं. एक तरफ वो दावा करती हैं कि वो वड़ा पाव बेचकर अपने परिवार का पेट पालती हैं, और दूसरी तरफ वो लाखों रुपये का लेटेस्ट आईफोन खरीदती हुई नजर आती हैं. कुछ दिन पहले रास्ते पर ठेला लगाकर वड़ा पाव बेचने वाली चंद्रिका को करोड़ रुपये की मस्टैंग में घूमते हुए स्पॉट किया गया था. हाल ही में उन्होंने अपना नया स्टॉल भी ओपन किया था. लेकिन अब 'बिग बॉस ओटीटी' का नया प्रोमो देखकर लगता है कि दिल्ली की इस वड़ा पाव गर्ल ने अपनी नई मंजिल तलाश ली है.

**प्रोमो में दिखा अलग अंदाज**

'बिग बॉस ओटीटी 3' के लॉन्च पर जारी किए गए प्रोमो में हम 'वड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका गेरा दीक्षित को ये कहते हुए देख सकते हैं कि लाइफ में मैंने अपने काम और फैमिली को हमेशा सबसे ऊपर रखा. लेकिन मुझपर सवाल उठाने वालों को हमेशा निशाने पर. अब अपनी पर्सनालिटी को आप सबके सामने लाने के लिए मैं आ रही हूं 'बिग बॉस' के घर में. चंद्रिका गेरा दीक्षित के साथ एक्टर साई केतन राव, सना मकबूल, टेम्पटेशन आइलैंड की मशहूर जोड़ी चेष्टा भगत और निखिल मेहता, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर विशाल पांडे, मॉडल पौलमी दास भी अनिल कपूर के शो का हिस्सा बनने जा रहे हैं.

## OTT पर राज करने वालों के लिए खतरे की घंटी, अजय देवगन बनाने जा रहे हैं ये मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज!



अजय देवगन की इस साल सबसे पहले फिल्म 'शैतान' रिलीज हुई. इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया. फिल्म को दर्शकों का काफी प्यार मिला. लेकिन वहीं इसके बाद रिलीज हुई उनकी फिल्म 'मैदान' का जादू लोगों पर नहीं चल पाया. फिल्म का क्लैश अक्षय कुमार और टाइगर की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के साथ देखने को मिला था. इन दो फिल्मों के बाद भी अजय देवगन की इस साल औरों में कहां दम था, सिंघम अगेन और रेड 2 आनी बाकी हैं.लेकिन अजय देवगन यहीं नहीं रुकने वाले हैं.औरों में कहां दम था, सिंघम अगेन और रेड 2 इन तीनों फिल्मों के बाद भी अजय एक वेब सीरीज बनाने की तैयारी कर रहे हैं. इस वेब सीरीज के लिए डायरेक्टर को भी फाइनल कर लिया गया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक अजय ने अब अपने प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले एक थ्रिलर सीरीज को हरी झंडी दे दी है, जिसका निर्देशन हनी त्रेहान करेंगे.

**हनी त्रेहान डायरेक्ट करेंगे**

इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है, जो अभी स्क्रिप्टिंग लेवल पर है. ये इस साल के एंड तक फ्लोर पर आ सकती है. बताया जा रहा है कि ये एक मिस्ट्री थ्रिलर हो सकती है. हालांकि सीरीज की कास्टिंग से लेकर ये किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है. हनी त्रेहान एक कास्टिंग डायरेक्टर हैं. उन्होंने नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राधिका आप्टे की 2020 में आई फिल्म, 'रात अकेली है' सेडायरेक्शन में कदम रखा. उन्होंने दिलजीत दोसांझ और अर्जुन रामपाल स्टारर 'पंजाब 95' का भी निर्देशन किया है. हालांकि अभी ये रिलीज नहीं हुई है.

**रूद्रा द एज ऑफ डार्कनेस'**

ये अजय देवगन की दूसरी वेब सीरीज होगी. इससे पहले अजय 'रूद्रा द एज ऑफ डार्कनेस' वेब सीरीज में दिखे थे. ये एक ब्रिटिश सीरीज लूथर की रिमेक थी. हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि अजय देवगन इस सीरीज से बतौर एक्टर भी जुड़ेंगे या नहीं. बहरहाल अजय 'दे दे प्यार दे 2' की शूटिंग में अभी बिजी हैं. ये साल 2019 में आई फिल्म का सीक्वल है. इसके अलावा वो अपनी और फिल्मों के सीक्वल की तैयारी में भी हैं.



# शाह रुख खान

## की मैं हूं ना के लिए ऋतिक रोशन थे पहली पसंद, फराह खान ने बताया क्यों ठुकराई फिल्म

साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म मैं हूं ना शाह रुख खानके करियर की सबसे की इस मूवी की कहानी और गानों ने फैंस का दिल बखूबी जीता। आज 20 साल बाद भी मैं हूं ना के बारे में चर्चाएं होती रहती हैं। इस बीच फराह ने फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया है और बताया है कि सुपरस्टार ऋतिक रोशन को मैं हूं ना के लिए अप्रोच किया गया था। आइए जानते हैं कि किस कारण से ऋतिक शाह रुख की इस मूवी का हिस्सा नहीं बन सके।






**ऋतिक को मिला था मैं हूं ना का ऑफर**

हाल ही में फराह खान ने रेडियो मिर्ची को एक इंटरव्यू दिया है। इस दौरान उन्होंने शाह रुख खान स्टारर फिल्म मैं हूं ना को लेकर खुलकर बात की। मालूम हो कि मैं हूं ना बतौर डायरेक्टर फराह खान की पहली फिल्म थी। इस मूवी को लेकर काफी एक्साइटेड थीं। उन्होंने बताया है- मैं हूं ना के लिए मैंने ऋतिक रोशन को लेकर विचार किया था। कहो प्यार है के दौरान में बतौर डांस कोरियग्राफर काम कर रही थी और मैंने ऋतिक के टैलेंट को भांप लिया था। मैंने राकेश जी से इसको लेकर बात की और ऋतिक से कहा कि मैं एक फिल्म (मैं हूं ना) की कहानी लिख रही हूं और उसके लिए तुम पहली पसंद हो।उसमें शाह रुख खान भी लीड रोल में मौजूद हैं। शाह रुख का नाम सुनकर ऋतिक काफी खुश हुए थे और वह इसके लिए राजी हो गए थे। उस वक्त कहो न प्यार की शूटिंग चल रही थी।

**इस एक्टर ने ली ऋतिक की जगह**

अपनी बात को आगे जारी रखते हुए फराह खान ने बताया- लेकिन जैसी ही कहो न प्यार है रिलीज हुई और उसके बाद ऋतिक रोशन रातोंरात सुपरस्टार बन गए। बाद में वह मैं हूं ना में सेकंड रोल करने लिए तैयार नहीं हुए। फिर जाकर हमनें जायद खान को लकी के रूप में चुना।

## कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी बढ़कर 85.36 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.07 डॉलर यानी 0.09 फीसदी लुढ़ककर 81.50 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## टाटा मोटर्स बढ़ाएगी वाणिज्यिक वाहनों की कीमत, एक जुलाई से दो फीसदी तक बढ़ेंगे दाम




एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने जिंस कीमतों में बढ़ोतरी के मद्देनजर एक जुलाई, 2024 से अपने वाणिज्यिक वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स ने जारी एक बयान में कहा कि जिंस कीमतों में बढ़ोतरी के मद्देनजर वाणिज्यिक वाहनों के दाम में दो फीसदी की वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में ये वृद्धि एक जुलाई से वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी। कंपनी ने उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से एक अप्रैल, 2024 से कीमतों में दो फीसदी की बढ़ोतरी की थी। उल्लेखनीय है कि टाटा मोटर्स देश की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी है। यह ट्रक, बस और अन्य वाणिज्यिक वाहनों का निर्माण करती है। ये टाटा समूह की अगुवाई वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है।

## 10 लाख नौकरी मिलने की उम्मीद, उद्योग में प्रतिभा की मांग और आपूर्ति में 55-60 फीसदी का अंतर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में कुछ वर्षों में लगभग 10 लाख नौकरियां बढ़ने की उम्मीद है। कोरोना के बाद उबरे इस क्षेत्र को प्रतिभाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। रैंडस्टैड इंडिया के निदेशक संजय शेट्टी ने कहा, उद्योग में प्रतिभा की मांग और आपूर्ति का अंतर 55-60 फीसदी है। शेट्टी ने कहा, महामारी के बाद नौकरियों में उछाल के कारण प्रतिभा की मांग में कमी देखने को मिली है। यह रफ्तार अगले कुछ वर्षों तक जारी रह सकती है। इस वजह से कम से कम 10 लाख नौकरियां पैदा होंगी। हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, कुछ कंपनियां मौजूदा प्रतिभा को निखार रही हैं। मांग को पूरा करने के लिए अन्य उद्योगों से भर्ती भी कर रही हैं। इस वजह से अन्य क्षेत्रों ने प्रतिस्पर्धी वेतन, लाभ और करियर विकास की पेशकश कर प्रतिभाओं को आकर्षित करने के प्रयास तेज किए हैं। टीमलीज डिग्री अप्रेंटिसशिप के उपाध्यक्ष धृति प्रसन्ना महंत ने कहा, अनुमान है कि 2023 के दौरान पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग ने लगभग 1.11 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है। उद्योग में 2024 तक 1.18 करोड़ लोगों की जरूरत हो सकती है। यह मांग 2028 तक 16.5 फीसदी की वार्षिक वृद्धि के साथ बढ़कर 1.48 करोड़ पहुंच सकती है।

## भीषण गर्मी से तीन माह में ही एसी उद्योग में 50फीसदी वृद्धि; हवाई मार्ग से मंगाने पड़ रहे पुर्जे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी के कारण एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। मांग में आई तेजी को पूरा करने के लिए एसी निर्माता कंपनियों को कम्प्रेसर, क्रॉस फ्लो पंखे/मोटर और पीसीबी सर्किट जैसे कलपुर्जे विदेश से हवाई मार्ग से मंगाने पड़ रहे हैं। डाइकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) कंवलजीत जावा ने कहा, भीषण गर्मी के कारण पिछले तीन महीनों में घरेलू एसी उद्योग में करीब 50 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह उम्मीद से कहीं अधिक है। यह उद्योग के लिए निश्चित रूप से बहुत ही उत्साहपूर्ण स्थिति है। हालांकि, एसी की बढ़ी मांग की तुलना में कंपनियों को कलपुर्जों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

## माइक्रोसॉफ्ट को पछाड़कर दुनिया की सबसे वैल्युएबल कंपनी बनी एनवीडिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका की सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। एनवीडिया ने माइक्रोसॉफ्ट को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। कंपनी के शेयरों में 3.5 फीसदी की तेजी आने से उसका बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 3.34 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है।

एनवीडिया कॉर्प का शेयर 4.60 डॉलर यानी 3.51 फीसदी की तेजी के साथ 135.58 डॉलर (करीब 11,300 रुपये) पर बंद हुआ। शेयर में इस तेजी से कंपनी का मार्केट कैप 3.34 ट्रिलियन डॉलर (करीब 278 लाख करोड़ रुपये) हो गया है। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप 3.32 ट्रिलियन डॉलर (करीब 276 लाख करोड़ रुपये) पर आ गया। इसके साथ ही माइक्रोसॉफ्ट अब दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है, जबकि एप्पल 3.27 ट्रिलियन




डॉलर (करीब 274 लाख करोड़ रुपये) मार्केट कैप के साथ तीसरे नंबर पर है। उल्लेखनीय है कि चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया इस महीने एप्पल को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी थी। यह कंपनी पहले से ही दुनिया की सबसे मूल्यवान सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली फर्म है। इसके भारत में 4 इंजीनियरिंग डेवलपमेंट सेंटर हैदराबाद, पुणे, गुरुग्राम और बेंगलुरु में स्थित हैं।

## एयर इंडिया जुलाई से चुनिंदा घरेलू मार्गों पर शुरू करेगी प्रीमियम इकनॉमी श्रेणी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया अगले महीने से चुनिंदा घरेलू मार्गों पर प्रीमियम इकनॉमी श्रेणी शुरू करने जा रही है। एयर इंडिया यह श्रेणी उपलब्ध कराने वाली दूसरी भारतीय एयरलाइन कंपनी होगी। फिलाहल सिर्फ विस्तारा ही घरेलू मार्गों पर प्रीमियम इकनॉमी यात्रा श्रेणी उपलब्ध कराती है।

एयर इंडिया ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि उसने अपने पहले दो रिफिटेड नए ए-320 नियो विमानों को तीन श्रेणियों में बांटा है। इनमें बिजनेस श्रेणी में आठ और प्रीमियम इकनॉमी में पैर रखने के लिए अतिरिक्त जगह के साथ 24 सीटें हैं। इसमें 132 इकनॉमी श्रेणी की सीटें भी उपलब्ध होंगी। कंपनी ने कहा कि हमारी चुनिंदा घरेलू और छोटी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर बिजनेस क्लास की इस सुविधा का आनंद




लें। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन ने कहा कि छोटे आकार के विमान बेड़े में तीन श्रेणियों की बिजनेस क्लास की पेशकश यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम है। यह पहली बार है जब एयरलाइन ने अपने छोटे आकार के विमान में प्रीमियम इकनॉमी केबिन पेश किया है।

## श्री जी. किशन रेड्डी 21 जून को 60 कोयला ब्लॉकों के लिए वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 10वें दौर का शुभारंभ करेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने और राष्ट्र के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कोयला मंत्रालय कोयला ब्लॉक नीलामी का अगला दौर शुरू करने के लिए तैयार है। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी 21 जून, 2024 को हैदराबाद में वाणिज्यिक कोयला खनन नीलामी के 10वें दौर का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर कोयला और खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे, तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री श्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और कोयला मंत्रालय के सचिव श्री अमृत लाल मीणा उपस्थित रहेंगे।

यह पहल कोयला क्षेत्र के भीतर पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। आगामी नीलामी दौर में 60 कोयला ब्लॉक शामिल हैं, जिसमें कोकिंग और गैर-कोकिंग कोयला खदानों की एक विविध श्रृंखला शामिल है। रणनीतिक रूप से विभिन्न राज्यों/क्षेत्रों में स्थित ये ब्लॉक क्षेत्रीय आर्थिक



विकास और रोजगार सृजन में सहायता करेंगे। इस नीलामी दौर का शुभारंभ कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के मिशन में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतीक है। पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बोली के लिए और अधिक ब्लॉक खोलकर भारत सरकार आर्थिक विकास एवं ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत के विशाल कोयला भंडार को खोल रही है। सरकार दीर्घकालिक खनन प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध है जो पर्यावरण प्रबंधन के साथ आर्थिक विकास को संतुलित करती है। पिछली सफल नीलामियों के मद्देनजर वाणिज्यिक कोयला खनन नीलामी का आगामी 10वां दौर इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए मंत्रालय की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आगामी दौर की नीलामी में कुल 60 कोयला खदानों की पेशकश की जाएगी। इनमें से 24 कोयला खदानों का पूरी तरह से अन्वेषण किया गया है, जबकि 36 का आंशिक रूप से अन्वेषण किया गया है।

इसके अतिरिक्त, वाणिज्यिक कोयले के 9वें दौर के दूसरे प्रयास के तहत 5 कोयला खदानों की पेशकश की जा रही है। इनमें से 4 का पूरी तरह से अन्वेषण किया गया है और एक आंशिक रूप से अन्वेषण किया गया है। इसके अतिरिक्?त राउंड 8 के दूसरे प्रयास के तहत 2 कोयला खदानों की पेशकश की जा रही है। इनमें से एक का पूरी तरह से अन्वेषण किया गया है और एक का आंशिक रूप से अन्वेषण किया गया है।

## देश के लिए पहला अवसर, जब भारत के 9 प्रमुख बंदरगाह विश्व बैंक द्वारा जारी वैश्विक शीर्ष 100 बंदरगाहों की सूची में शामिल: श्री सर्बानंद सोनोवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक और एसएंडपी ग्लोबल मार्केटिंग इंटेलिजेंस द्वारा साल 2023 के लिए तैयार की गई विशेष रिपोर्ट कंटेनर पोर्ट परफॉर्मेंस इंडेक्स (सीपीपीआई) में भारत के बंदरगाह विकास कार्यक्रम के प्रदर्शन को महत्वपूर्ण रूप सराहा गया है। इस रिपोर्ट के नवीनतम संस्करण में भारत के 9 बंदरगाहों ने वैश्विक शीर्ष 100 बंदरगाहों में अपनी जगह बनाई है। इस सराहनीय उपलब्धि पर केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बंदरगाहों के आधुनिकीकरण और उनकी दक्षता में सुधार के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित महत्वाकांक्षी सागरमाला कार्यक्रम को मुख्य रूप से श्रेय दिया है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यह भारतीय पत्तनों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह श्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा बंदरगाहों के कार्य प्रदर्शन में सुधार लाने और उनकी दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से आधुनिकीकरण, मशीनीकरण एवं प्रौद्योगिकीय रूप से दक्ष बनाने के लिए किए गए प्रयासों का प्रमाण है। श्री सर्बानंद सोनोवाल ने स्पष्ट किया कि परिचालन दक्षता व सेवा वितरण के माध्यम से जहाजों और कार्गो के कुशल संचालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व के परिणामस्वरूप हम सागरमाला जैसी पथ-प्रदर्शक महत्वाकांक्षी गतिविधियों के माध्यम से अपने बंदरगाहों की दक्षता में सुधार करने में सक्षम हुए हैं। केंद्रीय मंत्री नेबताया कि इससे हमें वैश्विक बाजारों की स्थिरता और भारत के समुद्री व्यापार की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कार्य कुशलता बढ़ाने, नई प्रौद्योगिकी को शामिल करने तथा हरित बुनियादी ढांचे को शामिल करने में मदद मिली है।

## अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वीजीएफ योजना को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुजरात और तमिलनाडु में पांच -पांच सौ मेगावाट क्षमता की दो अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) योजना को मंजूरी दी, जिसका कुल परिव्यय 7453 करोड़ रुपये है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये यहां संवाददाताओं से कहा कि इसमें एक गीगावाट की अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं (गुजरात और तमिलनाडु के तट पर 500-500 मेगावाट प्रत्येक) की स्थापना और कमीशनिंग के लिए 6853 करोड़ रुपये का परिव्यय और अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दो बंदरगाहों के उन्नयन के लिए 600 करोड़ रुपये का अनुदान शामिल है।

उन्होंने कहा कि वीजीएफ योजना 2015 में अधिसूचित राष्ट्रीय अपतटीय पवन ऊर्जा नीति के कार्यान्वयन की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसका उद्देश्य भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र में मौजूद विशाल अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता का दोहन करना है। सरकार की ओर से वीजीएफ सहायता अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं से बिजली की लागत को कम करेगी और उन्हें डिस्कॉम द्वारा खरीद के लिए व्यवहार्य बनाएगी जबकि परियोजनाएं पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए निजी डेवलपर्स द्वारा स्थापित की जाएंगी, अपतटीय सबस्टेशनों सहित बिजली उत्खनन बुनियादी ढांचे का निर्माण पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) द्वारा किया जाएगा। नोडल मंत्रालय के रूप में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय योजना के सफल



कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के साथ समन्वय करेगा। अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के निर्माण और इसके संचालन के लिए विशिष्ट बंदरगाह बुनियादी ढांचे की भी आवश्यकता होती है, जो भारी और बड़े आयाम वाले उपकरणों के भंडारण और आवाजाही को संभाल सकता है।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत, देश के दो बंदरगाहों को अपतटीय पवन विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा समर्थन दिया जाएगा। अपतटीय पवन नवीकरणीय ऊर्जा का एक स्रोत है जो तटवर्ती पवन और सौर परियोजनाओं की तुलना में कई फायदे प्रदान करता है, जैसे उच्च पर्याप्तता और विश्वसनीयता, कम भंडारण आवश्यकता और अधिक रोजगार क्षमता। अपतटीय पवन ऊर्जा क्षेत्र के विकास से निवेश आकर्षित करने, स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं के विकास, मूल्य श्रृंखला में रोजगार के अवसरों के सृजन और देश में अपतटीय पवन ऊर्जा के लिए प्रौद्योगिकी विकास के माध्यम से अर्थव्यवस्था-व्यापी लाभ होगा। यह भारत के ऊर्जा संक्रमण लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी योगदान देगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि एक गीगावाट अपतटीय पवन परियोजनाओं के सफल संचालन से सालाना लगभग 3.72 अरब यूनिट नवीकरणीय बिजली का उत्पादन होगा, जिसके परिणामस्वरूप 25 वर्षों की अवधि के लिए कार्बन उत्सर्जन में 29.8 लाख टन की वार्षिक कमी आएगी। इसके अलावा, यह योजना न केवल भारत में अपतटीय पवन ऊर्जा विकास को गति देगी, बल्कि देश में समुद्र आधारित आर्थिक गतिविधियों के पूरक के लिए आवश्यक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण भी करेगी। यह पारिस्थितिकी तंत्र लगभग 4,50,000 करोड़ रुपये के निवेश से प्रारंभिक 37 गीगावाट अपतटीय पवन ऊर्जा के विकास का समर्थन करेगा।

## खाद्य वस्तुओं पर घरेलू खर्च घटा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एनएसएसओ के सर्वे में चौकाने वाले दावेराष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) ने घरेलू उपभोग व्यय पर सर्वेक्षण किया है। इसके अनुसार उपभोक्ताओं द्वारा खर्च करने के पैटर्न में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खाने-पीने पर खर्च में काफी गिरावट आई है। 2022-23 में प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग खर्च (एमपीसीई) में खाद्य पदार्थों का योगदान ग्रामीण क्षेत्रों में 46 प्रतिशत हो गया है। 2011-12 के दौरान यह 53 प्रतिशत था। उधर शहरी क्षेत्रों में एमपीसीई में खाद्य पदार्थों का योगदान घटकर 39 प्रतिशत हो गया है। 2011-12 के यह 43 प्रतिशत था। इसी तरह, 2022-23 में एमपीसीई में गैर-खाद्य वस्तुओं की खपत ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़कर 54 प्रतिशत हो गई है।

## राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन ने 3 वर्षों में 3.85 लाख करोड़ रुपये मूल्य की परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2021-22 में की गई घोषणा के अनुरूप राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी), जिसके तहत वर्ष 2021-22 से लेकर वर्ष 2024-25 तक की अवधि के दौरान मुद्रीकरण के लिए केंद्र सरकार के मंत्रालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की संभावित मुख्य परिसंपत्तियों की सूची बनाई गई थी, नीति आयोग द्वारा संबंधित अवसंरचना मंत्रालयों के सहयोग से तैयार की गई थी।

एनएमपी में चार साल की अवधि के दौरान 6 लाख करोड़ रुपये की मुद्रीकरण क्षमता वाली परिसंपत्तियां शामिल थीं। एनएमपी के तहत प्रथम दो वर्षों यानी 2021-22 और 2022-23 के लिए कुल लक्ष्य लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये था, जबकि लगभग 2.30 लाख करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 1.8 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य, जो कि सभी चार वर्षों में सबसे अधिक है, के मुकाबले प्राप्ति लगभग 1.56 लाख करोड़ रुपये की हुई है। इसके अलावा वर्ष 2023-24 में यह प्राप्ति वर्ष 2021-22 में हुई प्राप्ति का लगभग 159त्न है।

2023-24 में अलग-अलग मंत्रालयों के प्रदर्शन के संदर्भ में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा कोयला मंत्रालय 97,000 करोड़ रुपये की कुल प्राप्ति के साथ शीर्ष दो प्राप्तकर्ता मंत्रालय रहे। निवेशकों को अपनी निवेश योजना कुशलतापूर्वक बनाने में सक्षम करने और इस तरह से मुद्रीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एनएचएआई ने 2024-25 के दौरान मुद्रीकरण की जाने वाली 33 परिसंपत्तियों की एक सांकेतिक सूची की पहचान और प्रकाशन पहले ही कर दिया है। इसके अलावा बोली प्रक्रिया की सफलता दर बढ़ाने हेतु एनएचएआई ने आईईसीवी की गणना के लिए विचार की गई व्यापक आर्थिक धारणाएं अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी हैं। एनएमपी के तहत कोयला मंत्रालय द्वारा हासिल की गई प्रगति के परिणामस्वरूप कोयला खनन में निवेश में वृद्धि होगी, जिससे कोयला उत्पादन में वृद्धि और ताप विद्युत संयंत्रों को इसकी आपूर्ति के माध्यम से देश में ऊर्जा सुरक्षा बेहतर होगी।

वर्ष 2023-24 में अलग-अलग मंत्रालयों की कुल प्राप्तियों के संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 40,314 करोड़ रुपये, कोयला मंत्रालय ने 56,794 करोड़ रुपये, बिजली मंत्रालय ने 14,690 करोड़ रुपये, खान मंत्रालय ने 4,090 करोड़ रुपये, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 9,587 करोड़ रुपये, शहरी मंत्रालय ने 6,480 करोड़ रुपये और शिपिंग मंत्रालय ने 7,627 करोड़ रुपये के साथ अपने लिए निर्धारित लक्ष्य का 70त्न से भी अधिक हासिल कर लिया है।

## वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 की वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान और राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के लिए वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया।

मंत्रालय वैश्विक और भारतीय खाद्य क्षेत्र के हितधारकों के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए देश के सबसे बड़े खाद्य कार्यक्रम-वर्ल्ड फूड इंडिया का 19 से 22 सितंबर तक आयोजन कर रहा है। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष बढ़ते स्टार्टअप ईको-सिस्टम और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय स्टार्टअप इंडिया के सहयोग से स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज का दूसरा



संस्करण शुरू कर रहा है।

इस अवसर पर मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि भारत सरकार ने अपने संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के माध्यम से खाद्य और संबद्ध क्षेत्रों में मूल्य श्रृंखला के समग्र विकास पर बल दिया है और आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है। चिराग पासवान ने कहा कि मंत्रालय इस क्षेत्र के विकास को समर्थन और विकास की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रमुख योजनाओं-प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई), उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) और सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के प्रधानमंत्री औपचारिकरण (पीएमएफएमई) को लागू कर रहा है। राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की परिवर्तनकारी क्षमता पर बल दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि विभिन्न सुधारों के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने, भारत के व्यापक बाजार और गतिशील युवा कार्यबल का लाभ उठाने के लिए सरकार का सक्रिय रुख है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की सचिव अनीता प्रवीण ने बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के चार दिवसीय कार्यक्रम के लिए वरिष्ठ सरकारी गणमान्य व्यक्तियों, वैश्विक निवेशकों, बिजनेस नेताओं तथा खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं, उपकरण निर्माताओं, लॉजिस्टिक्स और कोल्ड चेन के हितधारकों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, स्टार्ट-अप्स और खाद्य खुदरा विक्रेताओं जैसे हितधारकों को आमंत्रित किया गया है।

## कैबिनेट ने केंद्रीय योजना 'नेशनल फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर एन्हांसमेंट स्कीम' (एन.एफ.आई.ई.एस.) को मंजूरी दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज 2024-25 से 2028-29 की अवधि के दौरान 2254.43 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ केंद्रीय योजना 'नेशनल फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर एन्हांसमेंट स्कीम' (एन.एफ.आई.ई.एस.) के लिए गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस केंद्रीय योजना का वित्तीय परिव्यय गृह मंत्रालय अपने स्वयं के बजट से प्रदान करेगा।

**केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना के तहत निम्नलिखित घटकों को मंजूरी दी हैत्न**

- देश में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के परिसरों की स्थापना।
- देश में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना।
- एनएफएसयू के दिल्ली परिसर के मौजूदा बुनियादी ढांचे में बढ़ोतरी।

भारत सरकार साक्ष्यों की वैज्ञानिक और समयबद्ध फोरेंसिक जांच के आधार पर एक प्रभावी और कुशल आपराधिक न्याय प्रणाली स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह योजना प्रौद्योगिकी में तेज प्रगति का लाभ उठाते हुए और अपराध के उभरते हुए स्वरूप और तरीकों को देखते हुए एक कुशल आपराधिक न्याय प्रक्रिया के लिए साक्ष्यों की समयबद्ध और वैज्ञानिक जांच में उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षित फोरेंसिक पेशेवरों के महत्व को रेखांकित करती है। नए आपराधिक कानूनों के अधिनियमन के तहत 7 साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक जांच को अनिवार्य बनाया गया है। ऐसे में फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के कार्यभार में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। इसके अलावा, देश में फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (एफएसएल) में प्रशिक्षित फोरेंसिक पेशेवरों की काफी कमी है। तेजी से बढ़ती इस मांग को पूरा करने के लिए, राष्ट्रीय फोरेंसिक बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश और विकास अनिवार्य है। राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के अतिरिक्त ऑफ-कैंपस और नई केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (सीएफएसएल) की स्थापना से प्रशिक्षित फोरेंसिक पेशेवरों की कमी दूर होगी, फोरेंसिक प्रयोगशालाओं पर मामलों का बोझ/लंबित मामलों की संख्या कम होगी और यह भारत सरकार के 90 प्रतिशत से अधिक की उच्च दोषसिद्धि दर सुनिश्चित करने के लक्ष्य के अनुरूप होगा।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2024-25 के लिए सभी आवश्यक खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सरकार ने विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ



फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दालों के लिए की गई है, जैसे नाइजरसीड (983 रुपये प्रति क्विंटल), उसके बाद तिल (632 रुपये प्रति क्विंटल) और तुअर/अरहर (550 रुपये प्रति क्विंटल)।

## टी20 विश्व कप के शुरुआती दौर से बाहर होने के बाद नसीम शाह और वहाब रियाज पाकिस्तान पहुंचे

एजेंसी

**लाहौर।** चल रहे टी 20 विश्व कप के ग्रुप चरण में चौंकाने वाली हार के बाद, कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ी लाहौर पहुंचे। जियो न्यूज के अनुसार, खिलाड़ी और अधिकारी सुबह एक निजी एयरलाइन की उड़ान से लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। वापस लौटने वाले खिलाड़ियों में नसीम शाह, उस्मान खान और वरिष्ठ प्रबंधक वहाब रियाज शामिल थे। टी-20 विश्व कप के लीग चरण से बाहर होने के बाद 15 सदस्यीय पाकिस्तानी टीम के कुछ खिलाड़ियों ने संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने प्रवास को बढ़ाने का फैसला किया। कप्तान बाबर आज़म, इमाद वसीम, हारिस रऊफ, शादाब खान और आज़म खान 22 जून को पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे। मोहम्मद आमिर भी इन खिलाड़ियों के साथ रुक गए हैं, लेकिन काउंटी चैंपियनशिप में डर्बीशायर में शामिल होने के लिए कुछ दिनों में इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे। जियो न्यूज ने यह भी बताया कि पाकिस्तान के व्हाइट-बॉल हेड कोच गैरी कर्स्टन अपने घर लौट जाएंगे। पाकिस्तान ने रविवार को फ्लोरिडा में आयरलैंड पर तीन विकेट की जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। ग्रुप ए में रखे गए पाकिस्तान को सह-मेजबान यूएसए और फिर अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ लगातार हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने लगातार दो जीत के साथ वापसी की, लेकिन यह उनके दयनीय अभियान को बदलने और सुपर 8 में स्थान सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं था। पाकिस्तान के जल्दी बाहर होने के बाद, पाकिस्तान के व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में बाबर के भविष्य को लेकर सवाल उठाए जाने लगे हैं।

## टी20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर होने के बाद स्वदेश लौटे श्रीलंकाई खिलाड़ी

**कोलंबो।** अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में चल रहे आईसीसी टी-20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर होने के बाद श्रीलंकाई टीम स्वदेश लौट आई है और कड़ी सुरक्षा के बीच भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुई। सुबह दुबई से ईके-650 एमिरेट्स की उड़ान के जरिए वानिन्दु हरंगा की टीम के पहुंचने पर भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अंदर और बाहर विशेष सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए कप्तान हसरंगा ने कहा कि टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई क्योंकि उसका प्रदर्शन मानक के अनुरूप नहीं था। हम जानते हैं कि हमारे साथ क्या हुआ। हम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में विफल रहे। कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर मुझे इस बात का बहुत अफसोस है। दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश से हार के बाद, श्रीलंका की अगले दौर में आगे बढ़ने की उम्मीदें तब धराशायी हो गईं जब फ्लोरिडा में भारी बारिश के कारण नेपाल के खिलाफ उनका मैच रद्द हो गया। उनकी एकमात्र जीत नीदरलैंड के खिलाफ उनके आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में हुई थी।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे खिलाड़ी बाकी खिलाड़ियों से ऊंचे स्तर पर प्रदर्शन करना चाहते हैं: पैट्रिस एवरा

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल ने फ्रांसिस्को कॉन्सेसाओ के 92वें मिनट में किये गए गोल की बदौलत अपने यूईएफए यूरो 2024 अभियान की शुरुआत चेक गणराज्य पर 2-1 की रोमांचक जीत के साथ की। वहीं, अनुभवी पेपे ने इतिहास रच दिया, वे 41 वर्ष और 113 दिन की उम्र में यूईएफए यूरो टूर्नामेंट में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। पुर्तगाली टीम के शानदार प्रदर्शन के बीच, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर यूईएफए यूरो 2024 के लिए उल्लेखनीय विशेषज्ञ पैनलिस्टों में से एक, फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर पैट्रिस एवरा ने पुर्तगाली दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अच्छा खेल दिखाया और हर जगह हमले में दिखाई दिए। वह अपने साथियों को पासिंग में मदद कर रहे थे और अपनी टीम के लिए ओपनिंग गोल के लिए बॉक्स में शानदार मूवमेंट कर रहे थे। यह वह प्रभाव है जो वह पुर्तगाली टीम में लाते हैं। एवरा ने आगे बताया, रोनाल्डो जैसे खिलाड़ी हमेशा खुद से ज़्यादा की मांग करते हैं। वे मैच दर मैच बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और उच्चतम संभव स्तर पर प्रदर्शन करना चाहते हैं। उनके लिए, एक खराब खेल को उनका सबसे खराब खेल माना जाता है, और यहां तक कि एक बेहतरीन प्रदर्शन को भी सिर्फ़ 'अच्छा' माना जाता है। रोनाल्डो हर एक खेल में सीमाओं को लांघने में माहिर हैं, यही उनकी मानसिकता है।

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका दूसरे वनडे में लगे 4 शतक, भारत 4 रन से जीता मैच

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका महिला के बीच खेले गए दूसरे वनडे में 4 शतक लगे लेकिन आखिर में टीम इंडिया 4 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। स्मृति पहले वनडे में भी शतक लगाने में सफल रही थी। दूसरे वनडे में उन्होंने शतक लगाकर मिथाली राज (7 शतक भारत के लिए) का रिकॉर्ड बराबर कर लिया। बहरहाल, भारत ने पहले खेलते हुए मंधाना के 120 गेंद में 18 चौकों और दो छक्कों से 136 तो हरमनप्रीत के 88 गेंद में 9 चौकों और 3 छक्कों से नाबाद 103 रन की बदौलत 3 विकेट खोकर 325 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की ओर से कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट और मेरिजाना केप ने शतक लगाए लेकिन अंतिम ओवरों में उन्हें चार रन से हार झेलनी पड़ी। तीन वनडे मैचों की सीरीज में इसी के साथ भारत के पास 2-0 की अजेय बढ़त हो गई है। भारत ने पहला वनडे 143 रन से जीता था।

# वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज श्रीलंका के खिलाफ अंतिम वनडे मैच से बाहर

एजेंसी

**सेंट जॉन्स।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने देर रात को घोषणा की है कि वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हेले मैथ्यूज बीमारी के कारण श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे से बाहर हो गई हैं। मैथ्यूज ने हंबनटोटा में दूसरे महिला वनडे में भी हिस्सा नहीं लिया था, जहां वेस्टइंडीज की टीम 31 ओवर में 92 रन पर आउट हो गई थी और श्रीलंका ने 21.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर पांच विकेट से जीत दर्ज की थी।

मैथ्यूज की अनुपस्थिति में, शमीन कैम्पबेले ने दूसरे मैच में वेस्टइंडीज टीम की कप्तानी की और 21 जून को हंबनटोटा में होने वाले तीसरे वनडे में भी उनके कप्तान बने रहने की उम्मीद है। हालांकि, सीडब्ल्यूआई को उम्मीद है कि मैथ्यूज 24 जून से इसी स्थान पर शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए समय पर ठीक हो जाएंगी। सीडब्ल्यूआई की ओर से जारी बयान में कहा गया, वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज बीमारी के कारण श्रीलंका के खिलाफ चल रही वनडे सीरीज से बाहर हो गई हैं। सीडब्ल्यूआई की मेडिकल टीम



उनकी निगरानी करती रहेगी और उम्मीद है कि वह टी20 सीरीज के लिए समय पर ठीक हो जाएंगी। सीडब्ल्यूआई में हर कोई उनके जल्द ठीक होने की कामना करता है। मैथ्यूज पिछले डेढ़ साल से वेस्टइंडीज की मुख्य खिलाड़ी रही हैं। वह 2023 की शुरुआत से वनडे में वेस्टइंडीज की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने नौ मैचों में 519 रन बनाए हैं, जिसमें 74.14 की औसत है, जिसमें तीन शतक शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने 11 विकेट लिए हैं, जो एफी फ्लेचर के साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में बराबरी पर हैं। वेस्टइंडीज पहले ही तीन मैचों की वनडे सीरीज हार चुकी है और 0-2 से पीछे चल रही है। पिछले शनिवार को उन्होंने अपना पहला मैच छह विकेट से गंवाया था, लेकिन मंगलवार को टीम को फिर से हार का सामना करना पड़ा। मैथ्यूज ने पहला वनडे खेला, जिसमें उन्होंने 53 गेंदों पर 38 रन बनाए और पांच ओवर में बिना कोई विकेट लिए 33 रन दिए।

# विश्व कप की हार से नाखुश ब्रायन मसाबा ने दिया कप्तानी से इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 में सपर-8 की शुरुआत हो चुकी है। दो मुकाबले खेले जा चुके हैं। बहुत जल्द फैंस को सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमें मिल जाएंगी। इस बीच युगांडा की टीम के कप्तान ने ब्रायन मसाबा ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। उनकी टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी।

**चार में से तीन मैचों में मिली शिकस्त**

दरअसल, मौजूदा टूर्नामेंट में कुछ नई टीमों को खेलना मौका मिला। इनमें एक युगांडा की टीम भी थी। ग्रुप सी में शामिल इस टीम ने अपने अभिया की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से की थी। इस मैच में उन्हें नौ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अगला मुकाबला वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला जिसमें युगांडा को 134 रनों से करारी शिकस्त मिली। वहीं, तीसरे मैच में उन्होंने पीएनजी के खिलाफ तीन विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि, चौथे मैच में एक बार फिर टीम हार गई और सुपर-8 की दौड़ से बाहर हो गई।

**मसाबा ने छोड़ी कप्तानी**

ग्रुप सी की अंक तालिका में दो अंक और -4.510 के नेट रनरेट के साथ अपना सफर खत्म करने वाली



टीम के कप्तान ब्रायन मसाबा ने अब कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ÷मैं पिछले काफी समय से इस मुद्दे पर विचार कर रहा था। युगांडा क्रिकेट टीम की अगुवाई करना मेरे लिए सबसे सम्मानजनक बात रही। ना केवल जारी टी20 वर्ल्ड कप में, बल्कि पिछले 5 सालों से मैं युगांडा की टीम का अगुवाई कर रहा था। कप्तान रहते हुए व्यक्तिगत रूप से मेरे जीवन में काफी विकास हुआ है। इस दौरान मैंने कैसी लीडरशिप की जाती है और साथ ही त्याग भावना हो अच्छी तरह से सिखा। यह चीज जीवन भर मेरे काम आएगी।

**मसाबा का करियर**

मसाबा ने अपने अब तक के करियर में कुल 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इनमें उन्होंने 24 विकेट हासिल किए। इसके अलावा 32 वर्षीय खिलाड़ी के नाम 439 रन भी दर्ज हैं। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन ने मसाबा का एक वीडियो साझा किया है जिसमें उन्हें कप्तानी से इस्तीफा देने की बात करते देखा जा सकता है।

# यूरो 2024 : जर्मनी ने हंगरी को 2–0 से हराकर अंतिम 16 में किया प्रवेश

एजेंसी

**बर्लिन।** जमाल मुसियाला और इल्के गुंडोगन के गोलों की मदद से जर्मनी ने हंगरी पर 2-0 से लगातार दूसरी जीत हासिल कर यूरो 2024 के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया, जबकि अल्बानिया ने ग्रुप चरण के दूसरे दौर में क्रोएशिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला। हंगरी ने बेहतर शुरुआत की और पहले मिनट में ही गोल करने का सुनहरा मौका चूक गया। जर्मनी के गोलकीपर मैनुअल नेउर ने जोशुआ किमिच के रिटर्न पास को रोलैंड सलाई के पास पहुंचने से पहले ही रोक लिया।

मैच के 22वें मिनट में विली ओर्बन ने अपने बॉक्स के अंदर गेंद को फंसा दिया, जिससे गुंडोगन को मुसियाला के लिए गोल सेट करने का मौका मिला। मुसियाला ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया और जर्मनी को 1-0 की बढ़त दिला दी।

हंगरी ने बराबरी के लिए बहुत



ज़ोर लगाया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और मध्यांतर तक जर्मनी 1-0 से आगे रहा मैच दोबारा शुरु होने के बाद जर्मनी नियंत्रण में रहा। मैच के 67वें मिनट में मैक्सिमिलियन मिटेलस्टैड ने गुंडोगन को बॉक्स में स्क्वायर पास दिया, जिसे उन्होंने गोल में बदलकर जर्मनी को 2-0 की बढ़त दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

इस जीत के साथ, जर्मनी ग्रुप ए में दो जीत के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, उसके बाद स्विट्जरलैंड, स्कॉटलैंड और हंगरी की टीमें हैं।

ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में, स्विट्जरलैंड ने स्कॉटलैंड के साथ 1-1 से ड्रा खेला। ग्रुप बी में, अल्बानिया के क्लॉस गजसुला ने क्रोएशिया को 2-2 की बराबरी के साथ चौंका दिया। अल्बानिया ने काज़िम लैसी के ज़रिए स्कोरिंग की शुरुआत की, इसके बाद क्रोएशिया के आंद्रेज क्रामारिक ने गोल कर स्कोर बराबर किया। गजसुला ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए क्रोएशिया को 2-1 की बढ़त दिला दी, लेकिन डार्मस्टैड के मिडफील्डर ने इंजरी टाइम में गोल कर अल्बानिया को 2-2 से बराबरी दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## टी–20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श गेंदबाजी के लिए उपलब्ध

एजेंसी

**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने 2024 टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में गेंदबाजी के लिए खुद को तैयार घोषित किया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया को एंटीगुआ में बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले एक और विकल्प मिल सके। मार्श ने हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल छोड़ने के बाद से गेंदबाजी नहीं की है और उनकी वापसी के लिए सतर्क दृष्टिकोण अपनाया गया है। मार्श ने गुरुवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, मैं गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहूंगा। हमारे पास जो लाइन-अप है, उसे देखते हुए मुझे वास्तव में गेंदबाजी करने की आवश्यकता नहीं दिखती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस प्रारूप में विकल्प होना वास्तव में महत्वपूर्ण है और हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं।

ऑस्ट्रेलिया को मार्श के गेंदबाजी से दूर रहने के कारण कोई कमी महसूस नहीं हुई है, क्योंकि मार्कस स्टोइनिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने सुपर आठ में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए 12 ओवर स्पिन का इस्तेमाल किया। अगर ऑस्ट्रेलिया ने एश्टन एगर को दूसरे फ्रंटलाइन स्पिनर के रूप में फिर से मैदान में उतारा और फैसला किया कि उन्हें सीम के कुछ अतिरिक्त ओवरों की आवश्यकता है, तो मार्श की गेंद के साथ भूमिका अधिक संभावित परिदृश्य बन जाएगी। मार्श ने कहा, शारीरिक रूप से अच्छा महसूस कर रहा हूँ। गेंदबाजी से थोड़ा ब्रेक लेना हमेशा अच्छा लगता है और मैं अक्सर इस बारे में मज़ाक करता हूँ। लेकिन मार्कस और मैं अक्सर ऑलराउंडर के तौर पर इस बारे में बात करते हैं, हमें खेल में बने रहना पसंद है।

## रोहित शर्मा ने एडु-फिनटेक स्टार्टअप लिओ-वन में किया निवेश

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एडु-फिनटेक स्टार्टअप LEO1 (लियो-वन) में निवेश किया है। यह उनका किसी फिनटेक कंपनी में पहला निवेश है। LEO1 शैक्षणिक संस्थानों में लंबे समय से चले आ रहे नकदी प्रवाह के मुद्दे को हल करने और छात्रों को नवीन वित्तीय समाधान देने पर काम करता है। इस निवेश का इस्तेमाल कंपनी इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और व्यापार के विस्तार के लिए करेगी। पिछले तीन वर्षों में LEO1 ने 35 मिलियन डॉलर (लगभग 291 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। यह प्रगति और निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। QED इनवेस्टर्स, आविष्कार कैपिटल, आर्डेंट इनवेस्टर्स LLC, 9 यूनिकॉन, डीएमआई फाइनेंस, एमएस फिनकैप, एंजल ब, रत्ना फिन कैपिटल, न्यूएवा कैपिटल, एएआर ईएम वेंचर्स और कई अन्य निवेशकों ने भी LEO1 में निवेश किया हुआ है।

रोहित शर्मा ने इस निवेश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मैं शिक्षा को क्रांतिकारी बनाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने के LEO1 के मिशन का समर्थन करने के लिए उत्साहित हूं। उनका दृष्टिकोण, प्रतिबद्धता और कार्य शैली एवं छात्रों और उनके माता-पिता के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने का जूनून वास्तव में प्रेरणादायक हैं। यह साझेदारी मेरे लिए ऐसी पहलों का समर्थन करने का एक अद्भुत अवसर प्रस्तुत करती है जो पूरी एक पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण अंतर ला सकती हैं।

# क्वींस क्लब चैंपियनशिप के बीच मैच से हटे एंडी मरे, विंबलडन में खेलना संदिग्ध

एजेंसी

**लंदन।** पीठ की समस्या के कारण क्वींस क्लब चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर होने के बाद तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एंडी मरे ने कहा है कि उनकी चोट कितनी चिंताजनक है, यह जानने के लिए स्कैन कराया जाएगा, जिससे यह तय होगा कि वह आगामी विंबलडन 2024 में खेलेंगे या नहीं।

तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन मरे जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ दूसरे दौर के मैच से पांच गेम के बाद अपनी पीठ की समस्या के कारण रिटायर हो गए। एटीपी के अनुसार मरे ने कहा, जाहिर है कि यह बहुत अच्छा नहीं था। मैं कुछ समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा था। मेरे दाहिने पैर में ताकत की कमी थी। इसलिए नियंत्रण में कमी थी, समन्वय नहीं था। हां, मैं हिल नहीं सकता था। पीठ की समस्या से जूझना मरे के लिए कोई नई बात नहीं थी, 37 वर्षीय मरे ने खुलासा किया कि एटीपी 500 मैच से पहले उन्हें बहुत दर्द हो रहा था। मरे ने जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ अपने दूसरे दौर के मैच से नाम वापस ले लिया, जबकि शुरुआती सेट में वे 4-1 से पीछे थे। तीन गेम के बाद, उन्होंने अपने कूल्हे और पीठ के निचले हिस्से के दर्द का इलाज करवाया। बाद में, यह पता चला कि मरे को पीठ की समस्या थी मरे ने कहा, मैच के दौरान मुझे बहुत दर्द हुआ। लेकिन मैं इसे मैनेज करने में सक्षम था। मैं खेलने में सहज नहीं था, लेकिन मैं इसे मैनेज किया। मैच से पहले वार्मअप के दौरान, मैं बहुत असहज था, और फिर मैं कोर्ट पर जाने से ठीक पहले सीढ़ियों से ऊपर चढ़ा, मेरे दाहिने पैर में सामान्य ताकत नहीं थी। यह सामान्य भावना नहीं थी 37 वर्षीय मरे ने कहा, मुझे नहीं पता कि आप में से कितने लोग देख रहे थे, लेकिन वार्मअप में मैंने जो पहली दो गेंदें मारी, मेरा दाहिना पैर बहुत ही असंयोजित था। मेरा कोई समन्वय नहीं था। दाहिना पैर ठीक से काम नहीं कर रहा था। मरे ने कहा कि वह पिछले 10 वर्षों से पीठ की समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे ठीक से नहीं पता कि समस्या क्या है। मैंने पहले ऐसा अनुभव नहीं किया था। मैं अपने करियर के पिछले 10, 11 वर्षों से पीठ दर्द से जूझ रहा हूँ, लेकिन मैंने पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया। इसलिए मुझे नहीं पता कि प्रक्रिया क्या होगी या वास्तव में क्या उम्मीद करनी है।

# रबाडा को 3 विकेट, यूएसए ने 18 रन से गंवाया रोचक मुकाबला

एजेंसी

**एंटीगुआ ।** एंटीगुआ के मैदान पर सुपर 8 के पहले ही मुकाबले में यूएसए का दक्षिण अफ्रीका के हाथों 18 रन से हार झेलनी पड़ी। हालांकि 195 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएसए एक समय अपने बल्लेबाजों एंड्रीज गूस और हरमीत सिंह की बदौलत जीत की ओर जाती दिख रही थी लेकिन हरमीत का विकेट गिरते ही यूएसए बैकफुट पर आ गई। आखिरी ओवरों में स्कोर नहीं बन पाए जिससे


संरक्षक: संजय शुक्ला, (सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:

उपसंपादक: राकेश द्विवेदी

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारूकी ,

सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है


आऊट हो गए। उन्हें यूएसए के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने कोरी एंडरसन के हाथों कैच आऊट




करवाया। भारतीय मूल के सौरभ टीम इंडिया के लिए ग्रुप स्टेज के मुकाबले में भी अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के कारण विराट कोहली और रोहित शर्मा का विकेट निकालने में सफल रहे थे

- डीकॉक ने इसके बाद पारी को संभाला और विकेट के चारों ओर शॉट लगाए। उन्होंने कप्तान ऐडन मार्कराम के साथ मिलकर स्कोर 126 तक पहुंचाया। डीकॉक ने 40 गेंदों पर 7 चौके और 5 छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। डीकॉक के आऊट होते ही डेविड मिलर भी पहली ही गेंद पर आऊट हो गए। इनकी विकेट हरमीत सिंह ने निकाली। जोकि गेंदबाजी करते हुए काफी किफायती भी रहे।

- कप्तान ऐडन मार्कराम ने 32 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 46 रन का योगदान दिया। तभी हेनरिक क्लासेन ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। दोनों शानदर लय में दिखे। हेनिरक क्लासेन ने जहां 22 गेंदों में 3 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए तो ट्रिस्टन ने 16 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 20 रन बनाकर स्कोर 194 तक पहुंचा दिया।

**यूएसए = 176/6 (20 ओवर)**

- स्टीवन टेलर और एंड्रीज गूस ने लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएस को बढ़िया शुरूआत दी। दोनों ने शुरूआत में 3.3 ओवर में 33 रन जोड़े। टेलर 14 गेंदों पर 4 चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाने में सफल रहे। इसके बाद नितिश कुमार 8 और कप्तान आरोन जोंस ने 0 पर ही विकेट गंवा दिया।

- मध्यक्रम में कोरी एंडरसन 12 गेंदों पर 12 रन बनाकर एनरिक का शिकार हुए तो जहांगीर ने शम्सी की गेंद पर पगबाधा आऊट होने से पहले 9 गेंदों पर 3 रन बनाए। यूएसए को एंड्रीज गूस और हरमीत सिंह ने सहारा दिया। हरमीत ने 22 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 38 रन बनाए। गूस अंत तक टिके रहे लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। उन्होंने 47 गेंदों पर 5 चौके और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए।

# सॉल्ट–बेयरस्टो की आतिशी पारियां, इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

एजेंसी

**ग्रॉस आइलेट।** फिल सॉल्ट नाबाद (87) और जॉनी बेयरस्टो नाबाद (48) की आतिशी पारियों के दम पर इंग्लैंड ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हरा दिया है।

सेंट लूसिया के डैरन सैमी स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की। ब्रैंडन किंग (23) के रिटायर्ड हर्ट तक वेस्टइंडीज ने 40 रन बना लिए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए निकोलस पूरन ने जॉनसन चार्ल्स का बखूबी साथ निभाया।

12वें ओवर में मोइन अली ने जॉनसन चार्ल्स (38) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। 15वें ओवर में कप्तान रोवमेन पॉवेल (36) और उसके बाद निकोलस पूरन भी (36) रन बनाकर आउट हुए। शेरफेन रदरफोड 'नाबाद 28 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 180 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर, आदिल रशिद, मोइन अली और



लियाम लिविंगस्टोन को 1-1 विकेट मिला।

181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 67 रन जोड़े। आठवें ओवर में कप्तान जॉस बटलर (25) को पगबाधा आउट कर रॉस्टन चेज ने वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 11वें ओवर में आंद्रे रसल ने मोईन अली (13) को अपना शिकार बनाया। बटलर और सॉल्ट के बीच 46 गेंदों में 67 रन की साझेदारी हुई। मोईन अली के बाद बल्लेबाजी करने आये जॉनी बेयरस्टो ने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट के साथ पारी को संभाला।

फिल सॉल्ट ने 47 गेंदों में सात चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद (87) रनों की पारी खेली। वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 48 रन बनाए। इंग्लैंड ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 181 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। फिल सॉल्ट को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वेस्टइंडीज की ओर से आंद्रे रसल और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### साल्ट ने इस खिलाड़ी को दिया धमाकेदार पारी का श्रेय, कहा- उन्होंने मुझ पर से दबाव हटा दिया

**ग्रॉस आइलेट।** फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया। साल्ट ने अपनी धमाकेदार पारी का श्रेय साथी जॉनी बेयरस्टो को दिया जिन्होंने उन पर से दबाव हटा दिया जिससे उन्हें मैदान पर खुलकर खेलने का मौका मिला। मैच के बाद साल्ट ने कहा, एक समय ऐसा भी था जब मैंने बहुत अधिक गेंदों का सामना नहीं किया, बाउंड्री सूख गई थी, लेकिन जॉनी (बेयरस्टो) ने अपनी सोची-समझी बल्लेबाजी से मुझ पर से दबाव हटा दिया, उनकी पारी बहुत महत्वपूर्ण थी। सलामी बल्लेबाज ने बताया कि बीच के ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ खेलना थोड़ा मुश्किल था। साल्ट ने 16वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड के खिलाफ 4, 6, 4, 6, 6 और 4 रन बनाए। उन्होंने कहा, मुझे यहां बल्लेबाजी करना पसंद है, लेकिन मैं टीम की जीत में योगदान देकर अधिक खुश हूं।

# भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का निधन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का गुरुवार को बेंगलुरु में 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1996 में दो टेस्ट मैच खेले थे और तीन विकेट लिए थे। जॉनसन की बेंगलुरु में एक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के बाद मौत हो गई। उनके करीबी लोगों के अनुसार, जॉनसन को पास के एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनका घरेलू करियर 39 प्रथम श्रेणी मैचों तक फैला रहा, जिसमें उन्होंने 125 विकेट लिए। उन्होंने चार बार पांच विकेट और एक बार दस विकेट भी लिए।जॉनसन सबसे तेज भारतीय गेंदबाजों में से एक थे और घरेलू सर्किट में उनके प्रदर्शन (1995-96 के रणजी ट्रॉफी सत्र के दौरान केरल के खिलाफ 152 रन देकर 10 विकेट) ने उन्हें भारतीय टीम में जगह दिलाई।


सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी